राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 25 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 154 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

युद्धभूमि में एनटीआर जूनियर का इंतजार...8

बृजभूषण सिंह बोले: मैं नार्को टेस्ट के लिए तैयार

आरोप लगा रहे खिलाड़ियों की भी होनी चाहिए जांच

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए हैं। वहीं बृजभूषण सिंह सारें आरोपों से इनकार करते रहे हैं। विश्व कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं नार्को टेस्ट के लिए तैयार हूं। उनका(आरोप लगा रहे खिलाड़ी) भी नार्को टेस्ट होना चाहिए। पहले वे नार्को टेस्ट कराएं, मैं लाइव टेस्ट के लिए भी तैयार हूं। पुलिस मुझसे 5–6 घंटे पहले भी पूछताछ कर चुकी है। आगे भी

अगर पुलिस को पूछताछ करनी होगी तो उसके लिए मैं चला जाऊंगा। उत्तर प्रदेश से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कुछ महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया है. उन्होंने एक ट्वीट में कहा, श्अगर फोगट और पुनिया का भी यही टेस्ट किया जाता है तो मैं नार्को टेस्ट, पॉलीग्राफ टेस्ट या लाई डिटेक्टर टेस्ट के लिए तैयार हूं। राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह द्वारा कथित यौन उत्पीड़न की घटनाओं के खिलाफ दिल्ली में विरोध कर रहे पहलवानों ने बीती शाम राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर से इंडिया गेट तक कैंडललाइट मार्च निकाला। इससे पहले 19 मई को पहलवानों ने जंतर मंतर से शहर के बंगला साहिब गुरुद्वारे तक मार्च किया था।

खास होने वाली है महाकुंभ 2023 की थीम

योगी सरकार ने तैयारियों को लेकर जारी किए दिशा निर्देश

लखनऊ। प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेला–2025 को भव्य बनाने के लिए सीएम योगी ने विभागीय अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि महाकुम्भ मेला–2025 का लोगो और थीम जल्द से जल्द बना लिया जाए। साथ ही, प्रयागराज में पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न मंदिरों के सौंदर्यीकरण के अलावा इसके प्रचार–प्रसार और आने वाले भक्तों के लिए नागरिक सुविधाओं का विकास करने पर जोर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार हर बार की तरह 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भी वृहद स्तर पर आयोजित करने

के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ–2025 में देश और दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की बुनियादी जरूरतों के साथ ही सरकार उन्हें भव्य और दिव्य महाकुंभ का दर्शन भी कराएगी।

एडवेंचर गतिविधियों को भी किया जाएगा प्रोत्साहित : यही नहीं, योगी सरकार ने अस्थाई थिमैटिक गेटों का निर्माण शुरु करने, साहसिक पर्यटन के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों तथा आयोजनों का संचालन (प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर शो, हॉट एयर बैलून–शों, ड्रोन–शो, एरो स्पोर्ट्स, हेलीकाप्टर ज्वॉय राइड, पैरा ग्लाइडिंग, पेरा मोटरिंग आदि) की व्यवस्था शुरू की जाए। पर्यटन सेवा प्रदाताओं (गाइड्स, आटों–रिक्शा ड्राइवर्स, वेन्डर्स बोटमैन) को प्रशिक्षण दिया जाए। सभी राज्यों की संस्कृति को दर्शाते हुए पवेलियन की स्थापना की जाए।

मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण

महाकुंभ–2025 की तैयारियों को लेकर जो निर्देश दिए गए हैं, उनमें प्रयागराज स्थित भारद्वाज आश्रम, द्वादश माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, अलोपशंकरी मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, पंचकोशी परिक्रमा पथ के अन्तर्गत आने वाले मंदिर, कोटेश्वर महादेव, कल्याणी देवी, डिजिटल कुंभ म्यूजियम, तक्षक तीर्थ, करछना, अक्षयवट या पलापुरी मंदिर, हनुमान मंदिर, फ्लोटिंग जेटी और रेस्टोरेन्ट, राही इलावर्त होटल, त्रिवेणी दर्शन और तीन प्रवेश द्वारा को सौन्दर्यीकरण कराने को कहा गया है। इसके अलावा महाकुम्भ–2025 के प्रचार–प्रसार के लिए ट्रैवल तथा टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित करते हुए कान्क्लेव का आयोजन करने, भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में कुंभ के प्रचार–प्रसार के लिए पर्यटन साहित्य का प्रकाशन करने, प्रयागराज में अस्थाई टेन्ट कालोनी की स्थापना करने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्थाई बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन पर पर्यटन सूचना केन्द्र बनाने के निर्देश दिए हैं।

संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, संवैधानिक मूल्यों से बनती है

राहुल गांधी बोले- राष्ट्रपति से उद्घाटन न करवाना सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान

नई दिल्ली। देश के नए संसद भवन का 28 मई को उद्घाटन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भवन का उद्घाटन करेंगे लेकिन अब इस खूबसूरत बिल्डिंग को लेकर देश में सियासत छिड़ गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर और मनीष तिवारी द्वारा अपने सुझाव के समर्थन में संविधान के कई लेखों का हवाला देने के घंटों बाद आई कि भारत के राष्ट्रपति को पीएम के बजाय भवन का उद्घाटन करना चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी संसद भवन के उद्घाटन को लेकर अपनी राय प्रकट की है। राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि राष्ट्रपति से संसद का उद्घाटन न करवाना और न ही उन्हें समारोह में बुलाना – यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, संवैधानिक मूल्यों से बनती है। नए

संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति जी को ही करना चाहिए, प्रधानमंत्री को नहीं! विपक्षी दलों ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), शिवसेना (यूबीटी), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और जनता दल (यूनाइटेड) सहित उन्नीस विपक्षी दलों ने एक संयुक्त बयान में घोषणा की कि वे 28 मई को नई संसद के उद्घाटन का बहिष्कार करेंगे। विपक्ष ने कहा कि संसद में मुद्दों को उठाने के दौरान सांसदों को अयोग्य और निलंबित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब रद्द किए जा चुके कृषि कानूनों सहित कई कानून ष्लगभग बिना किसी बहस केष पारित किए गए और संसदीय समितियों को ष्व्यावहारिक रूप से निष्क्रिय कर दिया गया है।

विपक्षी एकता में जुटे नीतीश कुमार ने केसी त्यागी को दी बड़ी जिम्मेदारी, ऐसे करेंगे पार्टी की मदद

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार विपक्षी एकता की कवायद में जुटे हुए हैं। हाल में ही नीतीश कुमार ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से दिल्ली में मुलाकात की थी। इसके बाद खबर यह आई थी कि एक–दो दिनों में विपक्षी दलों को लेकर कोई बड़ा निर्णय लिया जा सकता है। इन सबके बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा फैसला लिया है। नीतीश कुमार ने जद (यू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी को पार्टी का विशेष सलाहकार और मुख्य प्रवक्ता नियुक्त करके विपक्षी एकता के अभियान में लगे रहने के अपने इरादे को मजबूत किया है। केसी

त्यागी पांच दशकों से राजनीति में हैं और वह देश के अधिकांश समाजवादी नेताओं के अधीन काम करने का अनुभव रखते हैं। माना जा रहा है कि त्यागी 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा बनाने में सहायक हो सकते हैं। त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार मेरी पसंद के नेता हैं। मैंने उनसे मेरी सांगठनिक जिम्मेदारियों से मुक्त करने का अनुरोध किया था, जिसे दो महीने पहले स्वीकार कर लिया गया था। इसके साथ ही त्यागी ने कहा कि विपक्षी दलों के बीच अंतर्विरोधों को समाप्त करने और अगले आम चुनावों के लिए एक साथ आने के उनके वर्तमान प्रयास को देखते हुए बिहार ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा, ष्मैंने अपना राजनीतिक करियर चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में शुरू किया और कई दिग्गजों के अधीन काम किया है और लंबे समय तक नीतीश जी के अधीन काम किया है।ष त्यागी की श्विशेष सलाहकार और मुख्य प्रवक्ताश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ष्ललन सिंह द्वारा जारी की गई थी। ललन ने एक बयान में कहा कि केसी त्यागी समाजवादी आंदोलन से जुड़े एक अनुभवी नेता हैं और उन्होंने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह (पूर्व पीएम) और नीतीश कुमार (बिहार के सीएम) के साथ मिलकर काम किया है। हम उनके संगठनात्मक अनुभव का लाभ उठाना चाहते हैं। इससे पहले 21 मार्च को, जब जद (यू) ने अपने नए अध्यक्ष ललन सिंह के नेतृत्व में अपने 32 सदस्यीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी की, तो त्यागी का नाम स्पष्ट रूप से सूची से गायब था।

हम उन लोगों को हराने के लिए एक साथ आए हैं, जो लोकतंत्र के खिलाफ हैं, केजरीवाल से मुलाकात के बाद उद्धव बोले

मुंबई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय

राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र के साथ आप की जारी गतिरोध के बीच मुंबई में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। वह 25 मई को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सुप्रीमो शरद पवार से मुलाकात करेंगे।

ओवैसी की मांग, लोकसभा स्पीकर को करना चाहिए नए संसद भवन का उद्घाटन, पीएम मोदी से की यह अपील

हैदराबाद। नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर राजनीति जारी है। 19 विपक्षी दलों ने इसके उद्घाटन का विरोध किया है। विपक्षी दलों की मांग है कि इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाए। जानकारी के मुताबिक नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को करने वाले हैं। इन सब के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर अलग मांग रख दी है। असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी मांग में कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन लोकसभा स्पीकर को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन की जरूरत है इसको कोई अस्वीकार नहीं कर सकता लेकिन इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा नहीं होना चाहिए क्योंकि यह शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के खष्लिाफ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने हमारी पार्टी

से संपर्क नहीं किया है। उद्घाटन लोकसभा स्पीकर को करना चाहिए क्योंकि वह संसद के अभिरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका उद्घाटन नहीं करना चाहिए। अगर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नए संसद भवन का उद्घाटन नहीं करेंगे तो हम समारोह में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री से अपील करते हैं की आप पीछे हट जाइए और स्पीकर ओम बिड़ला को उद्घाटन करने दें। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि नई संसद के उद्घाटन में देश की राष्ट्रपति को नहीं आमंत्रित करना..ये आदिवासी समाज, दलित समाज, पिछड़े समाज का अपमान है और ये प्रदर्शित करता है कि बीजेपी की मानसिकता आदिवासी, दलित और पिछड़ा विरोधी है, वरना संसद के उद्घाटन में अगर आप राष्ट्रपति को ही नहीं बुला रहे हैं तो फिर आप क्या संदेश देना चाहते हैं? बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सभी लोगों से बात हुई है हम लोग इसका बहिष्कार करेंगे। हम लोगों का मानना है कि नए संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति के द्वारा होना चाहिए क्योंकि संसद का हेड राष्ट्रपति होता है और ये उद्घाटन उनसे न कराकर उनका अपमान किया जा रहा है।

आजम खान को बड़ी राहत, जिस हेट स्पीच केस में सजा होने के बाद गई थी विधायकी, उसमें ही हो गए बरी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जिस हेट स्पीच मामले में उन्हें दोषी करार दिया गया था, आज उसी मामले में आजम खान को बरी कर दिया गया। हेट स्पीच मामले में आजम खान को 3 साल की सजा हुई थी। इसके बाद उनकी विधायकी चली गई थी। 27 अक्टूबर 2022 को भड़काऊ भाषण देने के मामले में आजम खान को एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट ने दोषी करार दिया था। इसके बाद उन्हें 3 साल की सजा सुनाई थी। आजम खान को 3 साल की सजा होने के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गई थी। इतना ही नहीं, आजम खान के वोट देने का अधिकार भी खत्म हो गया था। बाद में आजम खान में एमपी एमएलए कोर्ट के फैसले को लेकर याचिका दाखिल की थी। बहस पूरा होने के बाद इस पर फैसला आया है।

इस सूरज की चमक के आगे सब पड़े फीके

दोनों पैर और एक हाथ नहीं, बावजूद इसके पास की यूपीएससी परीक्षा

नई दिल्ली। सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नजीते मंगलवार को जारी कर दिए गए। इसमें लड़कियों ने बाजी मारी। हालंकि, सूरज तिवारी की भी खूब चर्तचा हो रही है। 27 वर्षीय सूरज तिवारी के लिए सिविल सेवा परीक्षा में विजयी होना सात समंदर पार करने जैसी बड़ी बात थी। सिविल सेवा परीक्षा में 917वीं रैंक हासिल करने वाले मैनपुरी जिले के कसवा कुरावली निवासी तिवारी दिव्यांग हैं। उनके दोनों पैर नहीं हैं जबकि एक साथ ही काम नहीं करता। बावजूद इसके उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े हैं। उनकी सफलता उनके परिवार और कस्बे के लिए खुशी का पल है। नई

दिल्ली में अपने कॉलेज से लौटते समय, सूरज 29 जनवरी, 2017 को एक रेलवे स्टेशन पर एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे और घुटने के ऊपर से अपने दोनों पैर और कोहनी के ठीक नीचे अपना दाहिना हाथ खो दिया। इस घटना ने सूरज को पूरी तरह से तोड़ दिया और वह अपने परिवार के सदस्यों पर निर्भर हो गए। त्रासदी ने न केवल उनके चलने और लिखने की क्षमता को छीन लिया, बल्कि उन्हें अवसाद में भी धकेल दिया। उनके परिवार के सदस्यों ने कहा कि यह उनके लिए सबसे काला दौर था। लेकिन सूरज जानता था कि उसके लिए फिर से चमकने के लिए कड़ी मेहनत ही उम्मीद की किरण है। सूरज ने स्नातक किया और अब जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से रूसी में एमए कर रहा है। इससे उनमें उम्मीद की एक नई किरण जगी लेकिन सूरज ने फैसला किया कि वह और भी चमकेंगे। सूरज ने कोविड–19 महामारी की दौरान सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक की तैयारी शुरू कर दी। उनके पिता दर्जी का काम करते हैं।

पार्टी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर महासंपर्क अभियान को सफल बनाये: प्रदीप सिंह

नगर निकाय की जीत कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम: प्रदीप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। नगर के यूपीटी होटल में आयोजित बलरामपुर नगर की बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सम्बोधित किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ९ साल के कार्यकाल पूरे होने पर ३० मई से ३० जून तक लोकसभा स्तर, विधानसभा स्तर व बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर जनता तक केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को पहुंचाया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने मंडल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को महासंपर्क अभियान की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इस अभियान के तहत लोकसभा स्तर पर एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें लोकसभा के सभी पांच विधानसभा से लोग जुटेंगे इसके साथ ही २१ जून को योग दिवस, २३ जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर प्रधानमंत्री का वर्चुअल सम्बोधन, २५ जून को आपातकाल दिवस पर प्रबुद्ध सम्मेलन व मन की बात कार्यक्रम, सहित घर घर संपर्क अभियान, व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज तमाम ऐसी ताकतें हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पसंद नहीं कर रहा उन्हें हटाने के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतों का सहारा लिया जा रहा है। आज भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और उन्हें फिर से २०२४ में प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार हैं। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ अजय सिंह पिंकू ने कहा कि २०१४ के बाद देश में तमाम ऐसे कार्य हुए जिसकी विपक्ष परिकल्पना नहीं कर सकता था हमारे नेताओं का जो सपना था उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया। नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने प्रचंड विजय के लिए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा विश्व की सबसे पार्टी है और भाजपा का कार्यकर्ता अथक परिश्रमी होता है वह जो ठान लेता है वह करता है इस महासंपर्क अभियान में हम सभी को जुट कर मोदी सरकार के कार्यो को घर घर पहुंचाना है। सह मीडिया प्रभारी संदीप उपाध्याय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महासंपर्क अभियान को जमीन पर पहुचानें और कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए 22, 23 और 24 मई में जनपद के सभी २२ संगठनात्मक मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। मंडल बैठकों को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारियों ने बैठकों को सम्बोधित करते हुए महासंपर्क अभियान की रणनीति तय की। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा, झूमा सिंह, डा. प्रांजल त्रिपाठी, राजीव विश्व मोहन द्विवेदी, डॉ अनवारूल हक, सभासद राघवेन्द्र कांत सिंह, सुभाष पाठक, मनोज साहू, संदीप मिश्रा, नंदलाल तिवारी, नीलम शुक्ला, एडवोकेट मिथलेश त्रिपाठी, राकेश ओझा, सीमा सिंह सहित नगर मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष अन्य की उपस्थित रहीं।

ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला, बलरामपुर। अधिवक्ता संघ उतरौला में बुधवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला अजीत सिंह रहे। इस अवसर पर अधिवक्ताओं को सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला ने सम्बोधित करते हुए अधिवक्ताओं के बीच गंगा जमुनी तहजीब की प्रशंसा की। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष बीरेंद्र सिन्हा ने कहा कि संघ की परम्परा रही है कि होली व ईद में एक दूसरे को गले लगाकर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करते हैं। इस परम्परा का निर्वाह आज भी अधिवक्ता संघ कर रहा है। संघ के महामंत्री गयासुद्दीन खा ने कहा कि होली व ईद मिलन समारोह के आयोजन से आपस में भाई चारा बढ़ता है। उन्होंने संघ के बीच के आपसी तालमेल बनाए रखने की अपील की।

निकाय चुनाव शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तारीख सुनिश्चित

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद जिलाधिकारी बलरामपुर ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तारीख सुनिश्चित कर दिया है। नगर पालिका परिषद उतरौला की नवनिर्वाचितअध्यक्ष सविता गुप्ता के साथ 25 सभासद 27 मई शुक्रवार को शाम 6 बजे स्थानीय मैरिज हाल में शपथ ग्रहण करेंगे। उक्त जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्ता ने दी। उप जिलाधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा समस्त निर्वाचित सभासदों एवं अध्यक्ष को शपथ ग्रहण कराएंगे।

केंद्रीय पर्यटक एवं ऐतिहासिक स्थल बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर मूलभूत सुविधाओं से वंचित अखिर क्यों

परिसर में कई हैंडपंप खराब व दूषित पानी देने तथा गंदगी का अम्बार लगा क्यों नहीं होती सफाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। एशिया के सबसे बड़े शिव लिंग पृथ्वी नाथ मंदिर परिसर जो लाखो श्रद्धालुओं का आस्था केंद्र। देश विदेश से आते भोले नाथ के भक्त। लाखो रुपए खर्च होने के बाद भी नहीं सुधर सका मंदिर परिक्षेत्र की व्यवस्था केंद्रीय पर्यटक एवं ऐतिहासिक स्थल बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर मूलभूत सुविधाओं से वांछित, परिसर में कई हैंडपंप खराब व दूषित पानी देने तथा गंदगी का अम्बार लगा होने से श्रद्धालुओं को उमस भरी गर्मी में काफी समस्याओं का सामना करने के लिए विवश। गोंडा जनपद के विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत पचरन में ऐतिहासिक एवं केन्द्रीय पर्यटक स्थल बाबा पृथ्वी नाथ मंदिर स्थापित है जिसे केंद्रीय पर्यटक स्थल का दर्जा मिलने के बाद मंदिर निर्माण के लिए क्षेत्रीय सांसद विधायक एवं जिला अधिकारी के द्वारा विगत वर्ष 2022 में पर्यटन स्थल की भूमि पूजन कर दस लाख रूपये एकृति किया गया था। लेकिन मंदिर का विस्तार, हैण्ड पम्प, श्रद्धालु विश्राम स्थल, भण्डारण कक्ष,सरोवर का सौंदर्यीकरण आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। प्रदेश सरकार के द्वारा केंद्रीय पर्यटन स्थल बाबा पृथ्वी नाथ मंदिर का विस्तार एवं सौंदर्यीकरण के लिए लाखों रूपये का बजट खर्च किए गए है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता एवं रूपये का बंदरबांट करने के कारण विकास से कोसों दूर हैं। मंदिर परिसर में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप खराब एवं दूषित जल देने तथा जगह–जगह गंदगी का अंबार लगे होने से भारी समस्या बनी हुई है। सोमवार एवं शुक्रवार को क्षेत्रीय शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं का जलाभिषेक करने के लिए जमावड़ा लगा रहता है। लेकिन श्रद्धालुओं को हैण्ड पम्प के खघ्राब एवं दूषित जल देने का दंश झेलना पड़ रहा है। जिसके कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

> मंदिर महन्त जगदम्बा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मंदिर परिसर ग्राम पंचायत के अधीनस्थ है जहां इंडिया मार्का हैंडपंप को ठीक कराने के लिए जिम्मेदार लोगों से कहा गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई वही सूत्रों से मिली जानकारी है कि मरम्मत एवं रिबोर कागजों में सिमिट कर रह गए और लाखों रुपए जिम्मेदार लोगों के द्वारा आहरित कर ली गई है तथा मंदिर के साफ सफाई के नियुक्ति कर्मचारी आते ही नहीं है।

नियमित रहने वाले बच्चों को स्टार आफ द मंथ से किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। जनपद के कानपुर चौबेपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम में प्रतिदिन आने वाले बच्चों को स्टार ऑफ द मंथ सम्मान से सम्मानित किया गया।जिसमें शिक्षक राजन लाल के द्वारा पूरे महीने में लगातार उपस्थित रहने वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें महीने के अंतिम दिवस को कॉपी, पेन, बॉक्स आदि देकर सम्मानित किया गया।राजन लाल कहते हैं कि इससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ती है वह उनका पुनर्बलन करने से नामांकन एवं ठहराव में वृद्धि होती है। इसी तर्ज पर आयुष, अभिनेश, सूरज, वैष्णवी, सोनम, मयंक, आयुष, लक्ष्मी आदि बच्चों को स्वच्छता के आधार पर स्टार ऑफ द डे रहे छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

रेल लाइन के किनारे लगी आग सूचना पर पहुंचे आरपीएफ फायर ब्रिगेड काफी देर बाद आग पर पाया गया काबू

दैनिक बुद्ध का संदेश

कहोबा चौराहा,गोंडा। गोंडा बस्ती रेल मार्ग पर स्थित बरुवाचक मोतीगंज रेलवे स्टेशन के बीच अल्लाह नगर गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे उगेगा खरपतवार में अचानक आग लग गई और आग ने अपना उग्र रूप धारण कर लिया जिसकी सूचना लोगों द्वारा तथा वहां रेलवे गेट पर तैनात गेटमैन द्वारा इसकी सूचना आरपीएफ चौकी मनकापुर को दी गई मनकापुर के कांस्टेबल विजय चौहान तथा उप निरीक्षक मौके पर पहुंचे उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक कुछ आग पर काबू पाया जा सका था अग्निशमन की गाड़ी पहुंचने के बाद पूरी तरह आग पर काबू पाया गया आग पूरी तरह जल रही थी समय रहते अगर आज बुलाया नहीं जाता तो आसपास के गांव को भी पुखराज अपनी चपेट में ले लेता वहां मौजूद लोगों ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीड़ी या सिगरेट पीकर रेल लाइन के किनारे घास में फेंक दिया गया जिसके कारण आग लग गई आग में रेलवे लाइन के किनारे लगभग 1 किलोमीटर तक को अपनी चपेट में लिया लेकिन समय रहते आरपीएफ कर्मियों द्वारा तथा फायर ब्रिगेड के कर्मियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया जा सका नहीं तो आग कई गांव को भी अपनी चपेट में ले लेता।

प्रतिभावान है सभी छात्र, सभी को आगे बढ़ने में दी जाएगी हर संभव सहायता- डीएम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली थारू जनजाति की छात्राओं को विकास खंड पचपेड़वा के विशुनपुर विश्राम में साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी एवं जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा 224 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले थारू जनजाति के छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने वाले थारू जनजाति के छात्र काफी प्रतिभाशाली है। सभी ने कठिन परिस्थिति पढ़ाई करते अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने सभी के अभिभावकों से अपील किया कि इन छात्रों को आगे बढ़ने के लिए हरेक अवसर अवश्य प्रदान करें, इसके लिए उनको सरकार द्वारा हर सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनजाति में विद्युत समस्या को हल करने के लिए 1280 सोलर लाइट की सुविधा प्रदान की जाएगी तथा मोबाइल नेटवर्क की समस्या को दूर करने के लिए आठ बीएसएनएल के टावर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंटर पास जो छात्र सिविल सर्विस य आईआईटी–नीट की तैयारी करना चाह रहे हैं उनके लिए कोचिंग में एडमिशन दिया जाएगा। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, बीएससी कल्पना कल्पना देवी, तहसीलदार तुलसीपुर प्रमेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, परियोजना निदेशक थारू विकास परियोजना, ग्राम प्रधान बिशुनपुर विश्राम अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रेल लाइन किनारे मिला अज्ञात शव सूचना पर पहुंची पुलिस

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा बगल में खड़ी थी साइकिल

दैनिक बुद्ध का संदेश

मेतीगंज,गोंडा। **SS/LKNr** ऑन ड्यूटी के द्वारा समय 7.26 बजे सूचना नोट कराया गया था कि किलोमीटर संख्या 621ध्23–25 पर रेलवे ट्रैक के किनारे एक डेड बॉडी पड़ी है की सूचना पर प्व्ध्डन्त् के आदेश अनुसार कांस्टेबल दुर्गेश कुमार सिंह रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर से समय 7.35 बजे रवाना होकर समय 7रू45 बजे 112 पर कॉल करते हुए घटनास्थल पर समय 8.05 बजे पहुंचा तो देखा कि अप लाइन के दक्षिण साइड एक मृत व्यक्ति की डेड बॉडी बड़ी थी जिसकी उम्र लगभग 55 वर्ष था और उसके कुछ दूरी पर एक साइकिल पड़ी थी मौके पर गैंगमैन छेदीलाल मौजूद थे समय 8रू20 बजे 112 के स्टाफ हेड कांस्टेबल सुनील कुमार सोनकर महिला कांस्टेबल आयुषी यादव पहुंचे तथा समय 9रू20 बजे चौकी इंचार्ज मछली बाजार उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह साथ स्टाफ पहुंचे।जिनका मोबाइल नंबर 8840 25 69 19 है।उक्त उपनिरीक्षक द्वारा मृतक व्यक्ति का तलाशी लिया गया जिसके पास रेलवे यात्रा संबंधित कोई टिकट इत्यादि नहीं था। घटनास्थल पर एकत्रित हुए यात्रियों से पहचान के तौर पर पूछताछ किया गया तो वहां पर एक व्यक्ति जिसका नाम रामदीन मोबाइल नंबर 9594844890 था उसने बताया कि मैं इनके गांव का हूं मैं इनको पहचानता हूं उसने मृतक का नाम–मिनकू पासवान ैध्व् गौरी पासवान पता–मोहल्ला–पहलवान गंज,पैरखास, बनगवां थाना–छपिया जिला–गोंडा बताया। बाद सिविल पुलिस उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह के द्वारा मौके की संपूर्ण कार्खाई कर डेड बॉडी को अपने साथ समय 11.30 अग्रिम कार्खाई हेतु थाना कोतवाली मनकापुर ले जाया गया। घटनास्थल से पोस्ट की दूरी लगभग 09 किलोमीटर है। मामले की जांच प्व्ध्डन्त् के आदेशानुसार सहायक उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव के द्वारा किया जाएगा।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष के मनमाना रवैया से नगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। निवर्तमान जिलाध्यक्ष के मनमाना रवैया से आहत सपा के उतरौला नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शमीम खान ने मंगलवार को पार्टी इस्तीफा दे दिया। हाजी मोहम्मद शमीम खान ने बताया कि नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के समय से ही समाजवादी पार्टी का सिपाही रहा हूं। और वर्ष 1997 में विधायक डॉक्टर शिवप्रताप यादव द्वारा मुझे उतरौला नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। तब से मैं पार्टी के नगर अध्यक्ष के पद पर कार्यरत था। पार्टी द्वारा आयोजित हर आंदोलन अधिवेशन में तहसील जिला व प्रदेश स्तर तक सम्मिलित होता रहा हूं। पार्टी के सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता रहा। हाल ही में हुए नगर निकाय चुनाव में जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा ने घोर अनियमितता व मनमाना रवैया अपनाते हुए पार्टी के विरोधियों को सभासद का टिकट दे दिया। जिस कारण इस चुनाव में उतरौला के 25 वार्डों में से सिर्फ 6 ही सपा के सभासद हो पाए। मेरे निजी निवास स्थान वाले वार्ड का टिकट भी मेरे कहने पर ना देकर पार्टी विरोधी व्यक्ति को दे दिया, मजबूर होकर मुझे निर्दल प्रत्याशी को लड़ाना पड़ा और उसे भारी मतों से जीत दिलाई। यह पार्टी विरोधी सभासद का टिकट पाने वाले एमएलसी के चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशी भानु तिवारी को वोट ना देकर बीजेपी को वोट दिए थे। जिसकी भली–भांति जानकारी प्रत्याशी व जिला अध्यक्ष को थी। निवर्तमान जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा के तानाशाही, मनमाना व अनियमित तरीके से पार्टी चलाने की वजह से पार्टी में घुटन होने लगी। बेवफा मजबूर होकर बड़े दुख के साथ समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दीया हूं।



सर्विलांस सेल ने गुमशुदा 154 मोबाइलें कीमत 19,21,500 रुपये बरामद, एस.पी ने किया सुपुर्द

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा गुमशुदा मोबाइलों को बरामद करने हेतु प्रभारी सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया था । प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत व उनकी टीम (हे0का0 जनार्दन प्रजापति, हे0का0 मो0 हिन्दे आजाद, हे0का0 सतेन्द्र सिंह, का0 संतोष यादव, का0 विक्रम सिंह, का0 दीपक कुमार, का0 विजय प्रताप यादव, म0का0 प्रीती राय, म0का0 प्रतिभा यादव, ओ0पी0 हरिशंकर सिंह सर्विलांस सेल) के अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के गुमशुदा 154 मोबाइलों को जिनकी अनुमानित कीमत उन्नीस लाख इक्कीस हजार पांच सौ रुपये (19,21,500) को बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बस्ती में मोबाइल स्वामियों को मोबाइल सुपुर्द किया गया।

महासंपर्क अभियान को लेकर भाजपा बर्डपुर मंडल की बैठक हुई आयोजित

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में बढ़ रहा भारत का मान-सांसद जगदम्बिका पाल
- 30 मई से 30 जून तक आयोजित होगे विभिन्न कार्यक्रम
- घर घर संपर्क कर कार्यकर्ता बताएंगे मोदी- योगी की सरकार की उपलब्धियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल के कार्यसमिति की बैठक बुधवार को नगर के आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन महामंत्री अभिषेक कसौधन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार सफलतम नववर्ष पूर्ण कर रही है। पिछले 9 वर्षों में मोदी सरकार ने अद्वितीय उपलब्धियों को हासिल किया है। जिसको लेकर पार्टी आगामी 30 मई से 30 जून तक महासंपर्क अभियान चलाकर विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ता जनसंपर्क कर समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे। उक्त अभियान के क्रम में जहां एक तरफ पार्टी लोकसभा एवं विधानसभा स्तर पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन ,व्यापारी सम्मेलन, सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन, विकास तीर्थ लोकन, वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक, मोर्चा सम्मेलन संयुक्त, लाभार्थी सम्मेलन तथा योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित करेगी वहीं 21 जून से 30 जून तक बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर घर–घर संपर्क अभियान के तहत जनसंपर्क तथा 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम तथा 25 जून को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को आयोजित करेंगे। उन्होंने अभियान समिति एवं मंडल के प्रमुख सभी जिम्मेदार कार्यकर्ताओं से प्रत्येक कार्यक्रम को सूचीबद्ध करते हुए सफल आयोजन की अपील किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं देश की महान जनता के आशीर्वाद से 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद देश की दिशा और दशा में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं वहीं 2019 में भी केंद्र की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर देश की जनता के यह सिद्ध कर दिया की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही इस देश की सुरक्षा और सबका साथ सबका विकास संभव है। जिसका परिणाम है कि आज हमारा देश विश्व के सर्वोच्च निर्णायक भूमिका में अग्रणी हुआ है वही आज पूरी दुनिया में आदरणीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। आज भारत की संस्कृति, शक्ति तथा पराक्रम एवं वैभव का पूरी दुनिया लोहा मान रहा है उन्होंने मोदी योगी सरकार के विकास कार्यों को गिनाते हुए आगामी 2024 के चुनाव में एक बार पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं से पूरी तत्परता से महासंपर्क अभियान को गति देने की अपील की। इस दौरान बैठक को जिला मंत्री अजय उपाध्याय, वरिष्ठ नेत्री राजकुमारी पाण्डेय आदि ने संबोधित किया। वहीं बैठक के अंत में हाल ही में हुए निकाय चुनाव में नगर पंचायत कपिलवस्तु भारतीय जनता पार्टी से विजयी 6 सभासदगणों को मंडल की टीम द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिनमें अंबेडकर नगर से तारामती देवी, गांधीनगर से दिलीप कनौजिया, शुद्धोधन नगर से बबुनी गिरी, अटल नगर से राजकुमार चौधरी, सरोजनी नगर से सतीश जायसवाल, अग्रसेन नगर से दिनेश यादव को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त बैठक में फूलचन्द्र जयसवाल, अम्बरीष जयसवाल, अमित उपाध्याय, सबलू साहनी, बृजेश सिंह, राजकमल जयसवाल, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, किशोरी लाल जायसवाल, पवन पाठक, राजेंद्र विश्वकर्मा, विवेक गोस्वामी, मंगलेश शुक्ला, मोहन चौधरी, संतोष उपाध्याय, अरुण जयसवाल, रमेश यादव, सुरेंद्र यादव, रामनिवास विश्वकर्मा, रणजीत चौधरी, श्याम बिहारी मिश्रा, रामनिवास विश्वकर्मा, रामसेवक पासवान, परशुराम साहनी, गंगाराम प्रजापति, पवन पाठक, मोहन चौधरी, प्रताप चौरसिया, सर्वजीत चौधरी, अश्विनी गोस्वामी, चंद्रावती देवी, आशीष मिश्रा, सुभावती विश्वकर्मा, राजकुमार मोदनवाल, घनश्याम गिरी, विनय राव, प्रतिमा दुबे, रामसेवक पासवान, आलोक श्रीवास्तव, गंगाराम प्रजापति, अर्जुन शर्मा सहित बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी, मंडल पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये: सांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डी.एल.आर.सी. एवं डी.सी.सी. बैंकिंग कार्यो की समीक्षा बैठक सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन के प्रकरण कम स्वीकृत होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि ने वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूर्ण करें एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। फसलो की क्षतिपूर्ति का भुगतान किसानो को शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। सांसद ने सी0डी0 रेसियों बढ़ाने का निर्देश दिया। इन्वेस्टर समिट के दौरान जनपद में निवेश करने वाले उद्यमियों का सहयोग करते हुए उनका भी ऋण स्वीकृत किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रैमास मार्च वित्तीय वर्ष 2022–23 की वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत बैंको को आवंटित वित्तीय लक्ष्य रू0 390706.36 लाख के सापेक्ष रू0 295859. 17 लाख की उपलब्धि रही जो कुल आवंटित लक्ष्य का 75.72 प्रतिशत है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत त्रैमास मार्च 2022–23 में समूह का खाता खोलने का वार्षिक लक्ष्य 1856 के सापेक्ष पूर्ति 1581 है एवं सीसीएल लक्ष्य 3093 के सापेक्ष 3187 पत्रावलिया बैंक को प्रेषित की गयी जिसके सापेक्ष 2453 समूहो को सी.सी.एल. स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना के अन्तर्गत मार्च 2023 तक लक्ष्य 2306 के सापेक्ष अब तक कुल 4419 स्वीकृत एवं 4378 का वितरण विभिन्न बैकों द्वारा किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना अन्तर्गत शासन से प्राप्त भौतिक लक्ष्य नवीनीकरण हेतु 109128 एवं नया 67835 कुल भौतिक लक्ष्य 176963 के सापेक्ष कृषि विभाग से प्राप्त डाटा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 की समाप्ति तक शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड से 337293 कृषकों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत एस.एल.बी.सी. लखनऊ से प्राप्त डाटा के अनुसार त्रैमास मार्च वित्तीय वर्ष 2022–23 की समाप्ति तक प्राप्त कुल आवेदन पत्र 33061 के सापेक्ष रू0 279.13 करोड़ स्वीकृतधवितरित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत युनिवर्सल सोम्पो जनरल इश्योरेंस कम्पनी लि0 द्वारा फसल बीमा किया जा रहा है। रवी 2022 फसल हेतु कुल 37212 किसानो के बीमा हेतु रू0 2.58 करोड़ का प्रीमियम प्राप्त हुआ है। खरीफ 2022 सीजन में बीमा कम्पनी द्वारा 17063 कृषकों को कुल रू. 34. 62 करोड़ के सापेक्ष 14338 किसानो के मध्य कुल रू0 28. 87 करोड़ की धनराशि का भुगतान कर दिया गया है शेष धनराशि का अकाउन्ट वेरीफिकेशन के पश्चात डीबीटी के माध्यम से भुगतान शीघ्र ही कर दिया जायेगा। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, लीड बैंक अधिकारी आर0के0सिन्हा, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबन्धक नौगढ़, समस्त बैंको के शाखा प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। महा संपर्क अभियान को लेकर चिल्हिया मंडल

में मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जगदंबिका पाल तथा विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री बिंदुमती मिश्रा रही कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पद्माकर शुक्ला ने किया बैठक में व्यापारी सम्मेलन प्रबुद्ध सम्मेलन श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मन की बात योग दिवस तथा जनसभा को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई तथा कार्यकर्ताओं के साथ जनप्रतिनिधि गण घर घर जाकर संपर्क अभियान भी करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूरा होने पर 30 मई से 30 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जिला व मंडल स्तर पर बृहद रूपरेखा तैयार किया जा रहा है अपने संबोधन में सांसद ने कहा आज दुनिया में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता सबसे अधिक है पूरा भारत देश व प्रदेश मोदी जी की सभी योजनाये धरातल पर दिख रहे हैं लगातार 30 दिनों तक देशव्यापी अभियान कश्मीर से कन्याकुमारी तक चलेगा इस अवसर पर पूर्व जिला मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा मनोज सिंह मंडल के सभी पदाधिकारी सभी शक्ति केंद्र संयोजक गण व प्रभारीगण तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

आंधी में छत पर सो रही महिला पर दीवार गिर गई, मौके पर महिला की मौत हो गई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के सोरहिया गांव में बीती रात आई आंधी में छत पर सो रही महिला पर दीवार गिर गई। इससे महिला की मौत हो गई। जबकि घटना में एक बच्चा और युवक जख्मी भी हो गए। घायलों का शोहरतगढ़ सीएचसी में इलाज कराया जा रह है। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से गांव में शोक का माहौल है। बताते हैं कि क्षेत्र के सोरहिया निवासी चंद्रावती देवी (65), विक्की (35), प्रिंस (13) पुत्र गुड्डू रात 9 बजे खाना खाने के बाद छत पर सोने गए थे। मंगलवार रात 12 बजे के बाद अचानक तेज आंधी में छत से सटे से दूसरे के छत पर बनी दीवार तेज हवा के कारण सो रहे तीनों के ऊपर गिर गई। हादसे में मलबे में दबकर चंद्रावती मौत हो गई। विक्की व प्रिंस घायल हो गए। परिजन की रोने बिलखने की आवाज सुनकर आसपास के पड़ोसी इकठ्ठा हो गए। घायल विक्की व प्रिंस को शोहरतगढ़ सीएचसी इलाज के लिए भेजकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर शव का पंचनामा किया। चन्द्रावती की मौत से गांव में मातम छाया हुआ है। परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है। इस संबंध थानाध्यक्ष पंक पांडेय ने बताया कि दीवार के नीचे दबकर वृद्ध की मौत हुई। आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि हल्का लेखपाल से जांच करवाई गई। आपदा राहत कोष से मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डो से चयनित ग्राम पंचायतो में कियान्वयन हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद के चिन्हित ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाली संस्थाओं द्वारा कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के साथ बाउण्ड्री वाल बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को जिन ग्राम पंचायतों में जमीन चिन्हित नहीं हो पायी है सम्बंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर जमीन चिन्हित कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जिन ग्राम पंचायतों में अभी खाते नहीं खुले हैं उन्हे शीघ्र खुलवाने के साथ ही लागों को जागरूक किये जाने का निर्देश दिया गया। जनपद में हर घर जल नल योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में कार्य के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी थी उनको ठीक कराने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0के0अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

कलीमुज्जफर राकसंप के मण्डलीय मन्त्री मनोनीत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रान्तीय अध्यक्ष एसपी तिवारी ने विकास खण्ड नौगढ़ में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी कलीमुज्जफर को राज्य कर्मचारी कर्मचारी संयुक्त परिषद का मण्डलीय मन्त्री मनोनीत किया है। शनिवार को विकास खण्ड कार्यालय नौगढ़ पहुँचकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल के नेतृत्व में उनका माल्यर्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, जिलामंत्री कैलाश मणि त्रिपाठी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलामन्त्री राजेश मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी संघ के उपाध्यक्ष वसीकुर्राहमन, दिलीप श्रीवास्तव, चन्दन, राजेश उपाध्याय, उदित प्रताप सिंघ आदि उपस्थित रहे।

महा संपर्क अभियान के लिए भाजपा की तैयारी बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। भाजपा मिठवल मण्डल ने महासंपर्क अभियान

की आहूत तैयारी बैठक डिंडई स्थित डा0 दशरथ चौधरी कालेज आफ फार्मेसी पर बुधवार को संपन्न हुई। भाजपा मिठवल मंडल के अध्यक्ष रमेश धर द्विवेदी की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक के मुख्य अतिथि व मंडल प्रभारी दिलीप चतुर्वेदी ने आगामी 30 मई से लेकर 30 जून तक चलने वाले महासंपर्क अभियान के कार्यक्रम पर चर्चा किया गया। उन्होंने मोदी सरकार के सकुशल नौ वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा सम्पर्क अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अन्त में चतुर्वेदी ने उपस्थित सभी से पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा सम्पर्क अभियान को सफल बनाने का आहवान करते हुए लोगों को यथा योग्य जिम्मेदारी भी सौंपी। बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नीरज मणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र राव, संजय गौतम, वीरेन्द्र तिवारी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, दिनेश गुप्ता, दीपचन्द जायसवाल, विक्रमा तिवारी, दिनेश चौधरी, राम प्रवेश पाण्डेय, संजय चौरसिया, आदि सहित बडी संख्या में कई अन्य कार्यकर्तओं ने भी सहभागिता की।

सम्पादकीय

न्यायपालिका और सरकार में नहीं कोई मतभेद

इस बात को लगता है सरकार ने समझाय तभी उन्हें इस पद से हटाया भी गया । इस वदलाव में एक खास बात यह रही कि मेघवाल जिस राज्य राजस्थान से आते हैं वहां इस साल के अंत तक विध ानसभा चुनाव होने हैं। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया के नेतृत्व को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में मतभिन्नता रही है...

केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू को न्यायपालिका से जुबानी जंग की कीमत चुकानी पड़ी। न्यायपालिका और कॉलेजियम सिस्टम पर आक्रामक रुख अख्तियार करने वाले रिजिजू के चलते सरकार भी असहज थी । इससे पहले कोई भी राजनेता या मंत्री न्यायपालिका को लेकर इतना तल्ख नहीं रहा। किरण को फिलहाल पृथ्वी विज्ञान मंत्री बनाया गया है और उनकी जगह अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कानून मंत्री का पदभार संभालने के बाद मेघवाल का बयान कि श्न्यायपालिका और सरकार में कोई मतभेद नहीं है, बल्कि दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध हैं । संविधान में सवकी अपनी सीमाएं हैं और उसी के हिसाब से काम होता है।श अशय साफ है कि सरकार और न्यायपालिका के बीच रिश्तों में कसैलापन था । रिजिजू जिस तरह बिना लाग–लपेट के कॉलेजियम सिस्टम की बखिया उधेड़ते रहे, उससे एक बात तो साफ दूरियां दिखती थी। कभी जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को श्अंकल जज सिंड्रोमश करार देना हो या श्कुछ जज भारत विरोधी गिरोह का हिस्साश ऐसे बयानों को कानून मंत्री के तौर पर किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। हां,

लम्बित मामलों पर कार्य करने के तौर–तरीकों को बदलने की जगह बेवजह के विवादित बयानों का सहारा लिया जाएगा तो हालात और ज्यादा खराव ही होंगे। इस बात को लगता है सरकार ने समझाय तभी उन्हें इस पद से हटाया भी गया । इस वदलाव में एक खास बात यह रही कि मेघवाल जिस राज्य राजस्थान से आते हैं वहां इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया के नेतृत्व को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में मतभिन्नता रही है। मेघवाल को अहम मंत्रालय की जिम्मेदारी देकर पार्टी राज्य में एक संदेश दिया है। चूंकि मेघवाल दलित समुदाय से आते हैं तो निरूसंदेह राज्य में इस तबके के वोटरों को अपने पक्ष में करने में उन्हें आसानी होगी। बहरहाल, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के आखिरी साल में कुछ महत्त्वपूर्ण विधेयक आ सकते हैं। लिहाजा, ऐसे मंत्री की जरूरत होगी जो सबको साथ मिलाकर चल सके और सरकार के काम को सहजता से पूरा कर सके। मेघवाल इस मामले में सर्वोत्तम चयन हो सकते हैं क्योंकि उनका भारतीय प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर लम्बा अनुभव रहा है। देखना है, इस फेरभदल के बाद न्यायपालिका के साथ सरकार के संबंध कैसे रहते हैं ।

चंद्रमा व्यक्ति को शीतल और सौम्य बनाता है

सनातनी सांस्कृतिक परंपरा में वैदिक ज्योतिष 9 ग्रहों और 27 नक्षत्रों पर आध ारित है। कुंडली बनाते समय चंद्र राशि को ही आधार बनाया जाता है। जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि में स्थित होता है, वह जातकों की चंद्र राशि मानी जाती है। सूर्य के बाद, चंद्रमा नौ ग्रहों में दूसरा ग्रह है। आकार में छोटा होने के बावजूद इस ग्रह की सर्वाधिक तीव्र होती है। चंद्रमा के गोचर की अवधि सबसे कम होती है। यह लगभग सवा दो दिनों में एक राशि से दूसरी राशि में संचरण करता है। चंद्र ग्रह की गति के कारण ही विंशोत्तरी, योगिनी, अष्टोत्तरी दशाएं निर्धारित होती हैं। चंद्रमा पृथ्वी की पूरी परिक्रमा 27.3 दिनों में करता है।। 360 अंश की परिक्रमा के दौरान सितारों के 27 समूहों के बीच से होकर गुजरता है। चंद्रमा और सितारों के समूहों के बीच इस तालमेल और संयोग को नक्षत्र कहते हैं। किसी भी व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा सितारों के जिस समूह से होकर गुजर रहा होगा वही उसका जन्म नक्षत्र माना जाएगा। यही जातक के भाग्य की चाभी (की) होती है। वैदिक ज्योतिष में चंद्रमा को मन, मस्तिष्क, बुद्धिमत्ता, स्वभाव, माता यात्रा, सुख शांति, धन संपत्ति, बाईं आंख, छाती, रक्त आदि का कारक माना जाता है। ज्योतिष में चंद्र ग्रह को स्त्री ग्रह माना जाता है। यह राशियों में कर्क राशि का और नक्षत्रों में रोहिणी, हस्त और श्रवण नक्षत्र का स्वामी होता है। यह एक शुभ ग्रह है। यह सौम्य और शीतल प्रकृति को धारण करता है। चंद्रमा व्यक्ति की भावनाओं पर नियंत्रण रखता है। चंद्रमा के कमजोर होने पर कुंडली में राजयोग फलित नहीं हो पाते हैं। ज्योतिष शास्त्र की जानकारी के लिए मेरे साथ बने रहिए।

लेखक विनय कांत मिश्र/
दैनिक बुद्ध का संदेश

नोटबंदी का एक और चाबुक

यह तो काले धन को सफेद करने का सुनहरा मौका नोटबंदी की शक्ल में सरकार ने दौलतमंद लोगों के सामने पेश किया है। गरीब आदमी ने किसी तरह जोड़–जाड़कर दो–चार नोट भी इसके किए होंगे, तो वो अब इस पूंजी को बैंक में बदलने के लिए परेशान होगा। आम आदमी के लिए कोरोना के बाद से परेशानियां और बढ़ गई हैं, जिनसे बेपरवाह मोदी सरकार ने एक और चाबुक जनता की पीठ पर मारा...

2016 में 8 नवंबर को रात आठ बजे टीवी पर आकर जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार और काले धन रूपी दीमक को हटाने के लिए नोटबंदी की घोषणा की थी और ये बताया था कि आज रात 12 बजे से पांच सौ और एक हजार के नोट के लीगल टेंडर नहीं माने जाएंगे, उस ऐलान से भारत में भारी उथल–पुथल मच गई थी। आम जनता को जिस तरह बैंकों के आगे लंबी–लंबी लाइनों में दिन–रात खड़े रहना पड़ा था, और अपने ही कमाए पैसे हाथ से चले जाने की जो पीड़ा जनता ने सही थी, उसका कोई सटीक वर्णन कर ही नहीं सकता। नोटबंदी से कितने घर बर्बाद हो गए, पटरी पर चल रहा जीवन एकदम से पथरीले रास्तों पर आ गया। तब मोदीजी ने देशवासियों से 50 दिन का वक्त मांगा था कि सब कुछ ठीक नहीं रहा, तो जिस चौराहे पर बुलाओगे आ जाऊंगा। हालांकि किसी प्रधानमंत्री के मुख से ऐसी भाषा शोभा नहीं देती, मगर राष्ट्रभक्ति में लोगों ने चौराहे वाली भाषा को भी स्वीकार कर लिया। 50 दिन तो लाइनों में ही गुजर गए और उसके बाद रोजगार चले जाने, व्यापार ठप्प हो जाने, जमा–पूंजी के रद्दी हो जाने के गम से उबरने की प्रक्रिया अभी चल ही रही है कि सात साल बाद नोटबंदी का एक और बम सरकार ने फोड़ा है। इस बार पर्दे पर मोदीजी नहीं आए, वे विदेश यात्रा पर हैं। उनकी जगह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने फैसला सुनाया है कि अब 2 हजार के नोट भी बैंकों में वापस जमा करने होंगे, वो भी 30 सितंबर तक। इसके बाद इन नोटों का क्या होगा, पता नहीं। गौरतलब है कि भारत में 2016 नवंबर से पहले बड़े नोटों में 5 सौ और हजार के नोट प्रचलन में थे। मोदीजी ने हजार के नोट तो पूरी तरह बंद कर दिए और पांच सौ के नोट की शक्ल बदल दी। हजार के बदले 2 हजार के नोट आए और नए पांच सौ के नोट के साथ 2 सौ रुपए का नोट भी लाया गया। मोदीजी ने कालेध ान के खात्मे के लिए नोटबंदी को जरूरी बताया था। उनके प्रवक्ताओं ने आतंकवाद, नशीली दवाओं, नक्सलवाद आदि पर रोकथाम के लिए और देश को कैशलेस अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नोटबंदी को सही ठहराया था। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, जिन नोटों को अमान्य करार दिया गया था, उनका 99 प्रतिशत से अधिक यानी करीब पूरा पैसा बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया था। 15.41 लाख करोड़ रुपये के जो नोट अमान्य हो गए, उनमें से 15.31 लाख करोड़ रुपये के नोट वापस आ गए थे। तो फिर किस काले धन को पकड़ने की तरकीब नोटबंदी से निकाली गई थी, यह अब तक समझ से परे है। नोटबंदी की कवायद के बाद से कितना कालाधन बरामद हुआ, इस पर अब तक कोई आंकड़ा सरकार की ओर से जारी नहीं किया गया है। हालांकि फरवरी 2019 में तत्कालीन वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने संसद को बताया था कि नोटबंदी सहित विभिन्न काला धन विरोध ी उपायों के माध्यम से 1.3 लाख करोड़ रुपये के कालेधन की वसूली की गई है। नोटबंदी का एक उद्देश्य नकली नोटों के प्रसार पर प्रतिबंध लगाना भी बताया गया था। लेकिन हकीकत ये है कि 2016 के बाद नकली नोटों की बरामदगी बढ़ गई। पिछले साल आरबीआई की सालाना रिपोर्ट में बताया गया कि मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में जाली नोटों में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जिसमें 500 रुपये के नकली नोटों में 101.93 प्रतिशत और 2,000 रुपये के नकली नोटों में 54 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इन आंकड़ों को देखकर समझा जा सकता है कि नोटबंदी के उद्देश्यों पर नकली नोटों का पानी फिर चुका है। हजार के बदले 2 हजार के नोट लाने का क्या औचित्य, यह सवाल भी तब खूब उठा था। क्योंकि बड़े नोट के तौर पर अधिक ध ान जमा करने में आसानी ही होगी। तब तर्क दिया गया था कि पांच सौ और हजार के नोट खत्म हो जाने की भरपाई के लिए 2 हजार के नोट चलाए जा रहे हैं। तब भी आम आदमी के नजरिए से विचार नहीं किया गया था कि रोज कमाने–खाने वाले लोगों के पास 2 हजार का नोट कैसे आएगा और अगर आ भी गया तो वह उसे किस तरह बाजार में तुड़ा पाएगा। अगर कभी नोट गिर जाए या चोरी हो जाए तो एक साथ 2 हजार का नुकसान होगा, जो गरीबों के लिए बहुत बड़ा है। जो गृहणियां रोज की सब्जी या अनाज खरीदने में थोड़ी बहुत बचत कर लेती हैं, उनके लिए भी 2 हजार के नोट का इस्तेमाल व्यावहारिक तौर पर कठिन था। इतनी बड़ी रकम के नोट की उपयोगिता केवल धनाढ्य तबके के लिए थी, जो एक साथ हजारों खर्च करने का माद्दा रखते हैं। आज की तारीख में ऐसे ही लोगों के पास काले धन के तौर पर 2 हजार के नोटों के बंडल होंगे। अब सरकार ने इसे भी बंद करने का ऐलान किया है, तो सवाल उठने लगे हैं कि क्या अब फिर से एक हजार के नोट लाए जाएंगे या 2 हजार के नोट किसी नयी शक्ल–सूरत में आएंगे। और अगले चार महीनों में बैंकों के पास 2 हजार के नोट जमा करने से आखिर भ्रष्टाचार कैसे खत्म हो जाएगा। क्योंकि जिन लोगों को गलत काम करने होते हैं, वे कोई न कोई तरीका तलाश ही लेते हैं और ईमानदार लोग ऐसी कवायद में पिस जाते हैं। अभी आरबीआई के नियमों के मुताबिक एक बार में 20 हजार तक के 2 हजार के नोट जमा किए जा सकते हैं और इसके लिए किसी पहचान प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं होगी। मतलब कोई रईस अपने सौ कारिंदों को अलग–अलग 20 हजार के नोट बदलने के लिए बैंकों में भेज दे, तो पता नहीं चल पाएगा कि आखिर यह संपत्ति किसकी है।

सोचे, ऐसा कैसे जो लोकल ट्रैन के बेहद गरीब यात्रियों से भी कोविड काल में बढ़ाया गया भाड़ा लगातार वसूला जाता हुआ। एक तरफ हाईफाई वंदे मातरम ट्रेन का महा महंगा टिकट तो दूसरी और डेली मजूदर पैसेंजरों से भी भारी वसूली! ऐसा पूरे भारत में आवाजाही के हर साधन पर लागू है। छोटे हवाई सर्किट के टिकट तीस–तीस हजार में बिक रहे है तो एक्सप्रेस वे, हाईवे पर कार का एकतरफा...

सत्ता जनविरोधी और बुद्धीनाशी

हरिशंकर व्यास

व्यंग में वैसे लिखना चाहिए कि अच्छा है जो प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और रेल मंत्री सब संघ–भाजपा के वोट आधार पर खुद कुल्हाडी चला रहे है। आखिर उत्तर भारत के बनिए और व्यापारी ही तो संघ–भाजपा के पुराने पक्के वोट है। सो बहुत अच्छा जो उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान के शहर–कस्बों के व्यापारियों–कारोबारियों पर जीएसटी के इंस्पेक्टर राज के छापे पड रहे है। गूगल पर यदि जीएसटी छापे के जुमले से सर्च की जाए तो प्रदेशों के छोटे–छोटे कस्बों मे इंस्पेक्टर राज का कहर बरपता लगेगा।

गौर करे इन सुर्खियों पर– जीएसटी के राजस्थान, मध्यप्रदेश में छापे। आर्थिक राजध ानी इंदौर में बड़ा जीएसटी फ्रॉडज़ मप्रमें 42 स्थानों पर जीएसटीका सर्वे, बुरहानपुर मेंज् कटनी में कोल किंग के ठिकानों पर छापाज् पान मसाला कारोबारियों के ठिकानों पर छापा, हड़कंपज् बालाघाट के एक व्यवसायी से 55 लाख की वसूलीज् किशनगढ़ में डीजीजीआईका छापाज् जीएसटी का श्ऑपेरशन धमाकाश्, पटाखाज् रतलाम में 5 जगहों पर छापाज्मध्य प्रदेश में जीएसटी इंटेलिजेंस ने पकड़ी टैक्स चोरी ज् कॉलोनी डेवलपर के दफ्तर पर जीएसटी का छापाज् यूपी में शहर–शहर जीएसटीके छापे, शटर बंद कर भाग रहे व्यापारीज्यूपी के कई जिलों में जीएसटी विभाग की टीमें छापा मार कार्रवाई कर रही हैंज् शामली बाजार पर जीएसटी कमिश्नर की छापेमारी, नाराज व्यापारियों ज

सीमेंट कंपनी के ठिकानों पर छापेज् लखनऊरू सभी व्यापारियों के यहां नहीं पड़ेगा जीएसटी का छापा, जानें किसकी होगी जांचज् जबलपुर में जीएसटीका छापाज् गुटखा व्यवसायी के ठिकानों पर छापाज्अजमेर के पड़ाव में जीएसटी टीम ने गुटखा व्यापारी के ठिकानों परज् मुजफ्फरपुरज् रामदूत रोलिंग मिल में जीएसटी का छापाज् नोएडा स्टेट जीएसटी की छापेमारी मेंज् छत्तीसगढ़ में कई कंपनियों पर छापेमारीज् कोरबा और भाटापाराज् नाइट क्लब और शराब दुकानों में मारा छापाज् किशनगढ़बास में मोबाइल की दुकान पर जीएसटी टीम का छापाज़ कासगंज में व्यापारियों ने छापेमारी का किया विरोध, व्यापारी से ही जीसटी इकठ्ठा होती है और उसी को नाजायज परेशान किया जाता है।ज् आंदोलन की दी चेतावनीज्लखनऊ व्यापार मण्डल की कोर कमेटी की बैठक में 16 मई से शुरू होने वाले जीएसटी के विशेष अभियान की चर्चा हुई।ज़जीएसटी का सर्वे डोर टू डोर ज् सलेमपुर के व्यापारियों ने किया प्रदर्शनज् डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने चेताया, व्यापारियों को परेशान करने वाले अफसर दंडित होंगे। जाहिर है छोटे–छोटे कस्बों तक में मोदी सरकार का इंस्पेक्टर राज पहुंचवा हुआ है। नोटबंदी के बाद व्यापारी–कारोबारियों (अदानी–अंबानी जैसों के छोड़े) का धंधा वैसे ही अधमरा था। अब लगता है सरकार ने ईडी, सीबीआई, आयकर की छापेमारीकेमाइक्रों अनुभव में जीएसटी को शहर–कस्बों में वैसे ही पहुंचा दिया है जैसे कभी सेल्स टैक्स वालों का इस्पेक्टर राज था। उस नाते हिसाब लगाए कि मोदी सरकार में नोटबंदी के बाद से व्यापारियों पर कितनी तरह के जुल्म हुए है? वे कितनी तरह की परेशानियों से गुजरो है? ठिक यही स्थिति किसानों की है। कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हाल की गेंहू फसल में मौसम गडबडी से किसानों को कैसा जबरदस्त नुकसान हुआ है? न ही गांवों में पहले की तरह मनरेगा में काम मिल रहा है। व्यापारी–किसान के बाद शहर–कस्बों के मध्यवर्ग पर सोचे तो महंगाई, बेरोजगारी की बेहाली और बेरोजगार लड़के–लडकियों की मानसिक दशा अकल्पनीय। मैं इस सबके लिए अकेले मोदी सरकार व भाजपा–संघ को ही दोषी नहीं मानता हूं। मोदी सरकार के साथ विपक्षी पार्टियों की सरकारों ने भी तो जीएसटी के उस ताने–बाने को मंजूरी दी थी जो अफसरों ने इंस्पेक्टर राज के अनुकूल कानून–नियमों से बनवाया। हालांकि तथ्य यह भी है कि नरेंद्र मोदी ने इंस्पेक्टर राज खत्म करने और सबकुछ डिजिटल व पारदर्शी होने की घोषणाएं की थी!सिस्टम ऐसा की इंस्पेक्टर राज संभव नहीं। मगर आज पूरे देश में क्या होता हुआ है? ताजा एक और उदाहरण। भारत में नरसिंहराव सरकार से पहले नकदी से दो नंबर में विदेशी करेंसी खरीद कर, हवाला लेन–देन से विदेश में भुगतान हुआ करता था। वह काली व्यवस्था वापिस लौटती लगती है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि बैंक खातों से जुड़े क्रेडिट कार्ड से विदेश में यदि कोई भारतीय बड़ा भुगतान करेगा तो उस पेमेंट पर सरकार बीस प्रतिशत टैक्स आटोमेटिक जमा कर लेगी। फिर इनकम टैक्स रिटर्न आदि की प्रक्रिया। सोचे, क्या इससे मध्य–उच्च वर्गीय प्रोफेशनल या कारोबारी या मंहगी विदेश यात्रा करने वालों के दिल–दिमाग में टैक्स आंतकवाद का खौफ नहीं बनेगा। सोचे, कार्डहोल्डर का अपने खाते से पेमेंट।वह खाता जिसमें टैक्स दे कर उसकी सच्ची बचत, सच्ची इनकम जमा है और उसे वह विदेश में क्रेडिट कार्ड के जरिए खर्च करता है तो उसके वापिस जबरदस्ती टैक्स वसूलने की चालबाजी क्या व्यवस्था का नागरिक से धोखा व छल नहीं है? इस छल के लिए नरेंद्र मोदी व निर्मला सीतारमण का दिमाग जिम्मेवार या जनता को टैक्स टेरर से लूटने वाली अफसशाही का आईडिया? एक और उदाहरण। जिस दिन कोलकत्ता–पुरी की वंदे मातरम ट्रेन चालू हुई उसी दिन खबर देखने को मिली कि कोविड़ काल में रेल मंत्रालय ने आम यात्री भाड़े की रेट को10 रू प्रति किलोमीटर से बढ़ा कर30 रूपए किया था उसे वापिस दस रू करने के लिए ममता बनर्जी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा। ईस्टर्न रेलवे पैसेंजर एसोशिएशन की मांग के हवाले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रेल मंत्री से अपील की कि रेलवे के हावडा डिविजन ने कोविड़ के बहाने जो रेट बढ़ाई थीउसे कम किया जाएं। इलाके में लोग गरीब है। वे रोजीरोटी के लिए लोकल ट्रेन से रोजाना सफर करते है।

सोचे, ऐसा कैसे जो लोकल ट्रैन के बेहद गरीब यात्रियों से भी कोविड काल में बढ़ाया गया भाड़ा लगातार वसूला जाता हुआ। एक तरफ हाईफाई वंदे मातरम ट्रेन का महा महंगा टिकट तो दूसरी और डेली मजूदर पैसेंजरों से भी भारी वसूली! ऐसा पूरे भारत में आवाजाही के हर साधन पर लागू है। छोटे हवाई सर्किट के टिकट तीस–तीस हजार में बिक रहे है तो एक्सप्रेस वे, हाईवे पर कार का एकतरफा सफर 800–1000–1200 रू का टोल बिल बनवाता है। सो पहली बात, आम आदमी–व्यापरी–किसान को ध्यान में रखकर काम नहीं, दिखावा और रेवडियां है।

एमएस धोनी एक खिलाड़ी के लिए मैदान पर अंपायर से भीड़े, जिसके बाद चार मिनट तक रुका रहा मैच

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में मंगलवार को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच क्वालीफायर एक मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया मगर जीत चेन्नई सुपर किंग्स को मिली जिसने 15 रन से गुजरात को मात दी।

इस मुकाबले को जीतने के साथ ही कुल 10 बार फाइनल में पहुंचने वाली चेन्नई सुपर किंग्स पहली टीम बन गई है। बेहद रोमांचक रहे इस मुकाबले में रोचक वाक्या भी देखने को मिला। इस दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अंपायरों से भिड़ते हुए दिखाई दिए। इस भिड़ंत की सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा की जा रही है।

दरअसल क्वालीफायर 1 मुकाबले के दौरान काफी शानदार स्थिति पैदा है। इस दिलचस्प स्थिति के दौरान मैदान पर एमएस धोनी एक खिलाड़ी के लिए

अंपायरों से बहस करते दिखे। इस बहस का परिणाम ये हुआ कि मैच चार मिनट तक रुका रहा। इस दौरान महेंद्र सिंह धोनी मैदानी दोनों अंपायरों के साथ बातचीत करते दिखे।

ये था मामला

दरअसल 16वें ओवर से पहले एमएस धोनी मैदानी अंपायरों के पास गए। इस दौरान एमएस धोनी मथीशा पथिराना को गेंदबाजी करवाने के लिए अंपायरों से बात करते दिखे। दरअसल मथीशा पथिराना मैदान से कुछ समय (लगभग आठ मिनट) के लिए बाहर थे, नियम के अनुसार उन्हें गेंदबाजी करने से पहले मैदान पर कुछ समय बिताना जरूरी था, जिसके बाद ही वो ओवर फेंक सकते थे। इस दौरान टीम ने कुछ मिनटों का इंतजार किया जिसके बाद एमएस धोनी ने 16 वां ओवर मथीशा पथिराना से ही करवाया। हालांकि इस दौरान कुल चल मिनट तक मैच रुका रहा। हालांकि धोनी की इस कला की सोशल मीडिया पर जमकर वाह वाही हो रही है क्योंकि अपने चातुर्य से उन्होंने मैच कुछ देर रुकवाए रखा और अंत में मथीशा पथिराना से ही गेंदबाजी करवाई।

शानदार रहा पथिराना का प्रदर्शनः इस मैच में मथीशा पथिराना का प्रदर्शन काफी शानदार रहा। उन्होंने चार ओवर में 37 रन दिए और दो विकेट झटके। इस पूरे सीजन में मथीशा पथिराना 11 मुकाबले खेलते हुए कुल 17 विकेट हासिल कर चुके है। उनके और टीम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ही टीम 10वीं बार फाइनल में पहुंचने की उपलब्धि हासिल कर सकी है। चेन्नई ने दिखाया दमदार खेलः रुतुराज गायकवाड़ की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को यहां गत चौम्पियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराकर पांचवीं बार खिताब की तरफ कदम बढ़ाया। गायकवाड़ की 44 गेंद 60 रन की पारी के दम पर चेन्नई ने सात विकेट पर 172 रन बनाने के बाद गुजरात टाइटंस की पारी को आखिरी गेंद पर 157 रन पर समेट कर 10वीं बार फाइनल का टिकट कटाया। गुजरात की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार ऑल आउट हुई है। गुजरात की टीम अब दूसरे क्वालीफायर में लखनऊ सुपरजायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच बुधवार को खेले जाने वाले एलीमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ेगी।

महेंद्र सिंह धोनी के सामने हार्दिक पांड्या नहीं कर सके कोई कमाल

कैप्टन कूल के दिमाग के आगे नहीं चली कोई चाल

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 को पहली फाइनलिस्ट टीम मिल गई है। चेन्नई सुपर किंग्स ने 23 मई को खेले गए पहले क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 15 रन से मात देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। इस सीजन में गुजरात जायंट्स का चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में ये पहला मुकाबला था मगर चेपॉक में जीतने का सपना गुजरात साकार नहीं कर सकी। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि चेपॉक में चेन्नई को हराना काफी मुश्किल काम है। वहीं ये मुकाबला अपने आप में काफी खास था क्योंकि इस मुकाबले में गुरु और चेले की रणनीति का जमकर जिक्र हो रहा था। एक तरफ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी की चर्चा हो रही थी वहीं हार्दिक पांड्या की कप्तानी की चर्चा भी हो रही थी। दोनों ही दमदार कप्तान है।

क्रिकेट फैंस इस मुकाबले को देखने के लिए टकटकी लगाए बैठे थे। मैच में दोनों की कप्तानी को गुरु और चेली की कप्तानी कहकर जिक्र किया जा रहा था। खास बात रही की इस मुकाबले में चेले की नहीं चली और गुरु ने मैच जीतकर फाइनल का टिकट कटाने में सफलता हासिल की।

धोनी ने हार्दिक को फंसाया

इस मुकाबले में हार्दिक पांड्या महेंद्र सिंह धोनी की रणनीति से नहीं बच सके। इस दौरान महेंद्र सिंह धोनी ने ऐसा जाल बुना की खुद गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या भी इससे बच नहीं सके। हार्दिक पांड्या को महेंद्र सिंह धोनी ने ऐसे ही जाल बुनकर फंसाया। इससे साबित हुआ की महेंद्र सिंह धोनी के दिमाग के आगे किसी की नहीं चलती है।

दरअसल मैच में हार्दिक पांड्या सिर्फ आठ रन बनाकर महेश तिक्षणा की गेंद पर जडेजा द्वारा कैच आउट हुए। हार्दिक जिस गेंद पर पवेलियन लौटे उससे पहले ही महेंद्र सिंह धोनी ने फील्डिंग पोजीशन में बदलाव किया था, जिसका शिकार कप्तान हार्दिक पांड्या बन गए। धोनी ने गुजरात के कप्तान के लिए ऑफ साइड में खिलाड़ियों को लगाया। धोनी ने हार्दिक को चलता करने के लिए गेंदबाजों को भी खास हिदायत दी थी जिसकी बौदलत हार्दिक को ऐसी गेंद फेंकी की हार्दिक खेल नहीं पा रहे थे। हार्दिक को ऐसी गेंद मिली की उनका खेल सकता संभव नहीं हुआ।

वहीं जिस गेंद पर हार्दिक पांड्या पवेलियन लौटे, उस गेंद पर वो रूम नहीं मिला और हार्दिक सीधे तौर पर गलत टाइमिंग का शिकार हो गए। इसका ये नतीजा हुआ कि गेंद हवा में उड़ी जिसे रविंद्र जडेजा ने प्वाइंट पर आसानी से लपका और हार्दिक को चलता किया। यानी सीधे तौर पर साफ था की हार्दिक को सस्ते में चलता करने कमें माही की शानदार रणनीति काम आई है। महेंद्र सिंह धोनी को ऐसे ही विश्व के बेहतरीन रणनीतिकार और कप्तानों में शामिल नहीं किया जाता है। बता दें कि इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स की पारी के दौरान कप्तान हार्दिक पांड्या ने ही एक गेंद खेलने के बाद महेंद्र सिंह धोनी को कैच लपका था। इस क्वालीफायर मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी एक ही रन बनाकर आउट हो गए थे।

शानदार था मैचः रुतुराज गायकवाड़ की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को यहां गत चौम्पियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराकर पांचवीं बार खिताब की तरफ कदम बढ़ाया। गायकवाड़ की 44 गेंद 60 रन की पारी के दम पर चेन्नई ने सात विकेट पर 172 रन बनाने के बाद गुजरात टाइटंस की पारी को आखिरी गेंद पर 157 रन पर समेट कर 10वीं बार फाइनल का टिकट कटाया। गुजरात की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार ऑल आउट हुई है।

आईपीएल 2023 में शानदार रही है इन चार खिलाड़ियों की कप्तानी, व्यक्तिगत प्रदर्शन खराब, फिर भी टीम Playoff में पहुंची

आईपीएल 2023 अपने आखिरी चरण में खेला जा रहा है। आईपीएल 2023 भी यह अपने आप में शानदार दिखा। इस बार भी आईपीएल में टॉप 4 टीमें पहुंची हैं। उसमें कहीं ना कहीं अनुभव का जबरदस्त बोलबाला है। चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपरजाइंट्स और मुंबई इंडियंस, पिछले 70 मुकाबलों को देखें तो इन चार टीमों का परफॉर्मेंस दमदार रहा है। हालांकि, टीमों के परफॉर्मेंस में कप्तान की भी भूमिका अहम होती है। पहली बार अहम मौके पर कप्तानी संभाल रहे क्रुनाल पांड्या ने भी कहीं ना कहीं खुद को साबित किया है और लखनऊ प्लेऑफ में पहुंची। केएल राहुल के चोटिल होने के बाद कुणाल पांड्या को कप्तानी सौंपी गई थी। वर्तमान में देखें तो पहले क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराने के बाद चेन्नई सीधे फाइनल में पहुंच चुकी है। इसमें धोनी के करिश्मे का खूब गुणगान हो रहा है। भले ही धोनी बल्ले से कुछ खास कमाल अब तक नहीं दिखा पाए हो। लेकिन कहीं ना कहीं कप्तानी में आज भी उनकी तूती बोलती है। उनकी कप्तानी का कोई जोर नहीं है और यही कारण है कि क्रिकेट के बड़े से बड़े खिलाड़ी भी उनका लोहा मानते हैं। धोनी की बात करें तो उनके बल्ले से बहुत ही कम रन निकले हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि धोनी ने खुद को काफी नीचे रखा। 14 मुकाबलों में उन्होंने 103 रन बनाए हैं। हालांकि उन्होंने सिर्फ 54 गेंदों का सामना किया है। वह 8 बार नॉट आउट भी रहे हैं। रोहित शर्मा– 5 बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले रोहित शर्मा इस बार के आईपीएल में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। 14 मुकाबलों में 22.35 की औसत से उन्होंने 313 रन बनाए हैं। उनकी टीम की शुरुआत खराब रही थी। शुरुआती मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा था। टीम की गेंदबाजी आज भी कमजोर कड़ी है। बावजूद इसके रोहित शर्मा ने अपने कप्तानी के अनुभव के दम पर टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया है। रोहित शर्मा की कप्तानी के अलावा टीम के बल्लेबाजों की भी भूमिका शानदार रही है। साथ ही साथ टीम में जो नए तेज गेंदबाजों को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया, वह भी अपने आप में ही शानदार रहा था।

हार्दिक पांड्या– मुंबई इंडियंस के लिए काफी लंबे समय तक खेलने वाले हार्दिक पांड्या अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को पहले ही इस साल आईपीएल ट्रॉफी दिला चुके हैं। यही कारण है कि उन्हें इंडियन क्रिकेट टीम का भविष्य का कप्तान कहा जा रहा है। पिछले आईपीएल की तुलना में इस बार हार्दिक पांड्या ने ना ही अपने बल्ले से और ना ही गेंद से खास कमाल दिखा पाए हैं। लेकिन कप्तानी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। कहते हैं टीम का प्रदर्शन शानदार तब होता है जब कप्तान अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित रखें और हार्दिक पांड्या वह काम बखूबी करते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स की बात करें तो फिलहाल इसके नियमित कप्तान केएल राहुल चोटिल हैं। उन्होंने नौ मैचों में टीम के लिए कप्तानी की। बाकी के मुकाबलों में क्रुनाल पांड्या ने कप्तानी की। क्रुनाल पांड्या के लिए आईपीएल खास नहीं रहा। लेकिन कप्तान के तौर पर वह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने में कामयाब रहे हैं। खास बात यह भी है कि टीम के पीछे पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर की रणनीति है जो कप्तान रहते हुए 2 बार आईपीएल का खिताब जीत चुके हैं।

सन्यासके कयासों के बीच आया एमएस धोनी का बयान, कहा– आईपीएल पर फैसला करने के लिए अभी मेरे पास आठ–नौ महीने का समय

चेन्नई। लंबे समय से कयास लगाए जा रहे हैं कि महेंद्र सिंह धोनी का इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का ये सीजन उनके करियर का अंतिम आईपीएल सीजन होने जा रहा है। फैंस लगातार धोनी को फेयरवेल देने में जुटे हुए है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से सन्यास लिए जाने को लेकर किसी तरह की घोषणा नहीं की गई है।

इसी बीच चेन्नई सुपर किंग्स के करिश्माई और सर्वश्रेष्ठ कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग की कड़ी तैयारियों का काफी असर पड़ता है। अगली लीग में महेंद्र सिंह धोनी खेलेंगे या नहीं इस संबंध में आगामी आठ–नौ महीनों में वो फैसला करेंगे। बता दें कि कयास लगाए जा रहे थे कि 2023 आईपीएल में धोनी का आखिरी सत्र होगा। उनकी अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को यहां पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराकर दसवीं बार आईपीएल फाइनल में प्रवेश किया। सन्यास लिए जाने की चर्चा के बीच महेंद्र सिंह धोनी ने मैच के बाद कहा,'' ईमानदारी से कहूं तो इसका काफी असर पड़ता है। मैं पिछले चार महीने घर से बाहर हूं। मैं जनवरी से घर से बाहर हूं और मार्च से अभ्यास कर रहा हूं, इसलिए आगे क्या होता है इस पर बाद में विचार करूंगा।'' उन्होंने कहा,'' मैं 31 जनवरी को घर से बाहर निकला था।

मैंने काम पूरा करने के बाद दो या तीन मार्च से अभ्यास शुरू कर दिया था। इसका काफी असर पड़ता है लेकिन मेरे पास फैसला करने के लिए पर्याप्त समय है।'' इस 41 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी ने संन्यास के बारे में कहा,'' मैं नहीं जानता। मेरे पास फैसला करने के लिए अभी आठ–नौ महीने का समय है। मैं अभी इसको लेकर सिरदर्दी क्यों लूं। मेरे पास फैसला करने के लिए पर्याप्त समय है। नीलामी दिसंबर में होनी है।'' धोनी ने इस सत्र में बल्ले से खास कमाल नहीं दिखाया। उन्होंने अभी तक 15 मैचों में 104 रन बनाए हैं। इस बीच उन्हें घुटने के दर्द ने भी परेशान किया जिसके कारण विकेटों के बीच दौड़ लगाने में उन्हें परेशानी हुई। भारत के विश्व कप विजेता कप्तान ने हालांकि इस सत्र में सभी मैच खेले। धोनी ने कहा,'' मैं हमेशा चेन्नई सुपर किंग्स के साथ रहूंगा, चाहे मैं खेलूं या फिर बाहर रहूं। मैं वास्तव में नहीं जानता।'' चेन्नई के दसवीं बार फाइनल में पहुंचने के बारे में उन्होंने कहा,'' आईपीएल यह कहने के लिए बहुत बड़ा है कि यह एक अन्य फाइनल है। 10 टीमों के बीच यह और ज्यादा मुश्किल है। यह दो महीने से अधिक समय की कड़ी मेहनत और प्रत्येक खिलाड़ी के जज्बे के कारण संभव हुआ है। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना योगदान दिया। मध्यक्रम के बल्लेबाजों को पर्याप्त मौके नहीं मिले लेकिन यहां पहुंच कर हम बहुत खुश हैं।'' धोनी को क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाता है लेकिन उन्होंने कहा कि वह परेशान करने वाले कप्तान हो सकते हैं क्योंकि वह गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में लगातार बदलाव करते रहते हैं। धोनी ने कहा,'' आपको विकेट देखना पड़ता है, आपको परिस्थितियों के अनुसार चलना पड़ता है और उस हिसाब से क्षेत्र रक्षण सजाना पड़ता है। मैं परेशान करने वाला कप्तान हो सकता हूं क्योंकि मैं हर समय क्षेत्ररक्षण बदलता रहता हूं।

ब्राजील में एवियन फ्लू के चलते छह महीने के लिए एनिमल हेल्थ इमर्जेंसी लागू

ब्राजील ने कृषि मंत्री कार्लोस फेवरो द्वारा हस्ताक्षरित एक

दस्तावेज में जंगली पक्षियों में अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस का देश में पहली बार पता लगाने के जवाब में 180 दिनों के लिए पशु स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। पशु स्वास्थ्य के लिए विश्व संगठन के दिशानिर्देशों के आधार पर जंगली पक्षियों में एवियन फ्लू के एच5एन1 उपप्रकार द्वारा संक्रमण व्यापार प्रतिबंधों को ट्रिगर नहीं करता है। हालांकि, एक खेत में बर्ड फ्लू के मामले में आम तौर पर पूरे झुंड की मौत हो जाती है और आयात करने वाले देशों से व्यापार प्रतिबंधों को ट्रिगर करते हैं। पिछले साल 9.7 बिलियन डॉलर की बिक्री के साथ दुनिया के सबसे बड़े चिकन मांस निर्यातक ब्राजील ने अब तक जंगली पक्षियों में एच5एन1 के आठ मामलों की पुष्टि की है, जिनमें एस्पिरिटो सैंटो राज्य में सात और रियो डी जनेरियो राज्य में एक मामला शामिल है। देश के कृषि मंत्रालय ने सोमवार को बाद में कहा कि उसने ष्एवियन इन्फ्लूएंजा से संबंधित राष्ट्रीय कार्यों के समन्वय, योजना और मूल्यांकन के लिए एक आपातकालीन संचालन केंद्र बनाया है। हालांकि ब्राजील के मुख्य मांस उत्पादक राज्य दक्षिण में हैं, मामलों की पुष्टि के बाद सरकार अलर्ट पर है, क्योंकि जंगली पक्षियों में एवियन फ्लू के बाद कुछ देशों में वाणिज्यिक झुंडों में संचरण हुआ है। दुनिया के सबसे बड़े चिकन निर्यातक ब्राजील स्थित बीआरएफ एसए के शेयर सरकार की घोषणा से पहले 3.6ः ऊपर थे और दिन 0.5ः कम हो गया। सप्ताहांत में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि एस्पिरिटो सैंटो में मनुष्यों में एवियन इन्फ्लूएंजा के 33 संदिग्ध मामलों के नमूने, जहां ब्राजील ने पिछले सप्ताह जंगली पक्षियों में पहले मामलों की पुष्टि की, एच5एन1 उपप्रकार के लिए नकारात्मक आए।

भ्पदकंसबव इंडस्ट्रीज का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 37 प्रतिशत घटकर 2,411 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 37 प्रतिशत घटकर 2,411 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

कंपनी का 2021–22 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 3,860 करोड़ रुपये रहा था। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ने बताया कि मार्च तिमाही में उसकी कुल आमदनी 56,209 करोड़ रुपये, जबकि खर्च 53,372 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में क्रमशरू 56,057 करोड़ रुपये और 51,026 करोड़ रुपये था। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज राजस्व के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी एल्युमिनियम कंपनी है। यह देश की आधे से ज्यादा तांबा जरूरतों को पूरा करती है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की

सिडनी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों से और आगे जाने तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाने की अपनी क्षमता का तेजी से प्रदर्शन कर रहे हैं। जयशंकर ने वोंग के साथ अपनी बैठक को 'शानदार' करार दिया। उन्होंने ट्वीट किया, "आज दोपहर ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ एक शानदार बैठक की। प्रधानमंत्रियों के शिखर सम्मेलन के बाद की कार्रवाई शुरू हो गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय संबंधों से और आगे जाने तथा क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाने की अपनी क्षमता का तेजी से प्रदर्शन कर रहे हैं।" वहीं, वोंग ने ट्वीट किया, "एंथनी अल्बनीज के साथ नरेन्द्र मोदी और एस जयशंकर से मिलना सम्मान की बात है। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, हमारा रिश्ता तीन 'डी' डेमोक्रेसी (लोकतंत्र), डायस्पोरा (प्रवासी समुदाय) और दोस्ती पर आधारित है। हम द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अपनी साझेदारी में लगातार निवेश कर रहे हैं।" इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में मोदी ने अल्बनीज को ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की घटनाओं और खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों को लेकर भारत की चिंताओं से अवगत कराया।

पांच लोगों के खिलाफ बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज

देवरिया। थाना क्षेत्र के राघोपुर डुमरी में भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। शंभू यादव पुत्र पारस यादव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 21 मई को उनके भाई अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे। इसी बीच चार–पांच लोग लाठी डंडा व फरसा लेकर आए तथा गाली गलौज कर मारपीट करने लगे, जिससे उनके भाई मुन्ना वहीं पर बेहोश हो गए। शोर सुनकर जब हम लोग बीच–बचाव करने पहुंचे तो आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में आरोपित संगीता देवी, श्रीकांत चौहान, प्रदीप चौहान, गोलू चौहान तथा श्रीकांत की पत्नी नाम अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप राव ने बताया कि भूमि विवाद के मामले में शंभू यादव की तहरीर पर पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

शपथ ग्रहण शुक्रवार को

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। संपन्न निकाय चुनाव में निर्वाचित नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष चमन आरा राइनी 26 मई को शाम 5.00 बजे शपथ लेंगी। उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार निर्वाचित अध्यक्ष व सभासदों को पद एवं गोपनीयता कि शपथ दिलाएंगे। उक्त आशय की जानकारी अधिशासी अधिकारी विंध्याचल ने दी है।

बड़ौदा यूपी बैंक ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया के जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा चौपाल लगाकर कर लोगो को जागरूक किया गया। सहायक महाप्रबंधक रिजर्व बैंक राकेश चंद्रा ने बताया कि जन सुरक्षा से संबंधित बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिए तथा काय अनक्लेम्ड डिपाजिट के संबंध में भी लोगो को समझाया गया साथ में बताया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक से अधिकृत संस्थाओं में ही ऋण ले और खाता खोले उन्होंने बैंकिंग परवेश में हो रहे है फ्राड के बारे में जानकारी देते हुए कहे कि अगर मैसेज ईमेल व्हाट्सएप के द्वारा मैसेज आता है तो उसके बहकावे में न जाए और तत्काल अपने बैंक मैनेजर से सलाह ले। इसमें उपस्थित वित्तीय परामर्श दाता बड़ौदा यूपी बैंक महेश मणि, भाजपा जिला मंत्री बिंदु मती मिश्रा, संतोष कुमार, रमेश मणि, पदमाकर शुक्ला ,काली चरन आदि लोग रहे मौजूद।

मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

चिल्हिया,सिद्धार्थनगर। महाजनसंपर्क अभियान को लेकर चिल्हिया मंडल में मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जगदंबिका पाल तथा विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री बिंदुमती मिश्रा रही कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पद्माकर शुक्ला ने किया बैठक में व्यापारी सम्मेलन प्रबुद्ध सम्मेलन श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मन की बात योग दिवस तथा जनसभा को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई तथा कार्यकर्ताओं के साथ जनप्रतिनिधि गण घर घर जाकर संपर्क अभियान भी करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूरा होने पर 30 मई से 30 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में जिला व मंडल स्तर पर बृहद रूपरेखा तैयार किया जा रहा है अपने संबोधन में सांसद ने कहा आज दुनिया में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता सबसे अधिक है पूरा भारत देश व प्रदेश मोदी की सभी योजनाये धरातल पर दिख रहे हैं लगातार 30 दिनों तक देशव्यापी अभियान कश्मीर से कन्याकुमारी तक चलेगा इस अवसर पर पूर्व जिला मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा मनोज सिंह मंडल के सभी पदाधिकारी सभी शक्ति केंद्र संयोजक गण व प्रभारीगण तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

सेना के जवान का शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

महाराजगंज। नगर पंचायत पनियरा के कृष्णा नगर टोले में सेना के जवान दिनेश सिंह का पार्थिव शरीर गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। लोग अंतिम दर्शन करने के लिए उमड़ पड़े। अधिकारी और विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, नवनिर्वाचित चेयरमैन उमेश चंद जायसवाल सहित सेना के जवान और पुलिस पहुंची। पैरा कमांडो दिनेश सिंह का अंतिम संस्कार रोहित नदी के बराबरी घाट पर सैनिक सम्मान के साथ किया गया। अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग पैदल, मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहनों से श्मशान घाट तक पहुंचे।

अज्ञात बदमाशों ने अधेड़ को गोली मारकर की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

विस्तर से जगाकर दरवाजे से 50 कदम दूर ले जाकर बदमाशों ने मारी गोली

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला,गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के मन्नीपुर सहडौली गांव मे बीती रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक बाइक पर सवार दो अज्ञात हमलावरों ने 62 बर्षीय नित्य प्रकाश राय पुत्र स्व सुरेश राय को बिस्तर से जगा कर पचास कदम दूर ले जाकर हत्या करने की नीयत से गोली मार दिया। गोली नित्यप्रकाश के कूल्हे पर लगी। अगल बगल के लोग दौड़ पड़े लेकिन हमलावर बाइक लेकर फरार हो गए। घायल को सी एच सी गोला पर परिजन लाये, खून का रिसाव काफी हो रहा था। डॉक्टर ने उपचार देकर तत्काल मेडिकल कॉलेज भेज दिया जहां उनकी मृत्यु हो गयी। घटना के कारण का पता नही चल पा रहा है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पी एम भेज दिया है। मन्नीपुर निवासी नित्यप्रकाश राय मंगलवार की शाम को खाना खा कर अपने दरवाजे पर सोए थे रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक बाइक पर सवार दो अज्ञात ब्यक्ति आये और उन्हें जगा कर बात करते हुए पचास कदम दूर ले गए। आये हुए ब्यक्तियो का रुख देख नित्यप्रकाश वहां से पीछे मुड़ कर भागना चाहे कि हमलावरों ने जान मारने की नीयत से असलहे से गोली चला दिया। गोली नित्यप्रकाश के कूल्हे पर जा लगी और तुरंत वह गिर पड़े, बगल में अपने दरवाजे पर सोये बुजुर्ग कैलास राय ने गोली की आवाज सुनकर दौड़े और शोर मचाये। हमलावर घटना स्थल पर हथौड़ा व लाल मिर्च पावडर छोड़ कर बाइक से भाग निकले। घटना स्थल पर गांव के लोग एकत्र हो गए खून का रिसाव काफी शुरू हो गया। उपस्थित लोगों ने उनसे बार बार पूछने का प्रयास किया कि गोली मारने वाले कौन थे।

उनका जबाब रहा कि अभी बताएंगे लेकिन अंत तक नाम नही बताए। परिजन एम्बुलेंस से सीएचसी गोला पर लाये मुकामी थाने पर भी घटना की सूचना दिए। सूचना पाकर गोला पुलिस पहुच गयी। डॉक्टर ने स्थित नाजुक देख मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। एम्बुलेंस द्वारा मेडिकल कॉलेज पहुचे वह भर्ती हो गए शरीर से काफी खून गिर जाने के कारण सुबह पांच बजे इलाज के दौरान नित्य प्रकाश की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के दो पुत्र है एक बाहर रोजगार के लिए गया हुआ है और दूसरा घर पर था। सूत्रों का कहना है कि गांव में इनका किसी से अदावत नही था। नितप्रकाश राय सामाजिक ब्यक्ति थे। हत्या की नीयत से आये हुये हमलावरो द्वारा सोए हुए ब्यक्ति को जगा कर बात चीत करते हुए कुछ दूर ले जाना और वहां से लौटते समय गोली मारना कही न कही कुछ राज छुपा पड़ा है। घायल ब्यक्ति से परिजन हमलावर के बारे में पूछते रहे लेकिन उन्होंने आये हुए लोगो का नाम नही बताया। गोला पुलिस घटना की छान बीन शुरू कर दिया है।

अवकाश में भी गांवों में पसीना बहा रहे हैं गुरूजी

परिवार सर्वेक्षण के दौरान अभिभावकों व बच्चों को करते हैं प्रेरित प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकें कर रहे भेंट

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। बात कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर गोण्डा में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया के बारे में हो रही है।जो ग्रीष्म कालीन अवकाश के समय में भी बच्चों के घर घर जाकर पूरे परिवार का डेटा इकट्ठा कर रहे हैं।जिसे सर्वेक्षण के उपरांत डेट को आनलाइन प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करेंगे। शिक्षक बलजीत से जब ये पूंछा गया कि स्कूल पीरियड में आपने सर्वे का काम क्यों नहीं किया? इस पर वे बताते हैं कि यदि मैं स्कूल पीरियड के दौरान डेटा कलेक्शन करने जाता तो जो बच्चे स्कूल शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ रहे थे।उनका नुकसान होता। उन अबोध बच्चों को क्या पता कि गुरूजी स्कूल में क्यों नहीं है।मैं उन्हें निराश करके पाप का भागी नहीं बनाना चाहता था।जब ये पूंछा गया कि सर्वे बारह बजे के बाद भी कर सकते थे।इस पर शिक्षक ने कहा दूसरी और तमाम जिम्मेदारियां जैसे डीबीटी का कार्य, यूडायस पर फीडिंग, तमाम मीटिंग, ट्रेनिंग आदि भी कार्य थे। जिन्हें मैं स्कूल पीरियड में न करके छुट्टी होने के बाद ही करता था। इसलिए समय नहीं बच पाता था। बताते चलें कि पिछले दो सत्र में इस स्कूल से चार बच्चों का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में भी हो चुका है। जिन्हें चार वर्षों के दौरान 48000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रत्येक बच्चे को मिलेगा। जिनमें हैं सलोनी भारती, लक्ष्मी रमण त्रिपाठी, दिनेश कुमार व केशमी भारती। शिक्षक इसका पूरा श्रेय पूरे स्टाफ की मेहनत व बच्चों के अथक परिश्रम को देते हैं।

30 मई से 30 जून तक चलेगा महाजनसंपर्क अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक सभागार में बुधवार को मण्डल कार्यसमिति का बैठक किया गया जिसमे मुख्यअतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। भाजपा सरकार के 9 वर्ष को पूर्ण होने पर 30 मई से 30 जून तक भाजपा संगठन द्वारा महा जनसंपर्क अभियान को लेकर बैठक किया गया। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ पर 30 मई से चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री हेमंत कुमार जायसवाल ने कहा कि 30 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता केंद्र की मोदी सरकार की जन कल्याण योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलाया गया। वही डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि इस क्षेत्र में पूर्वर्ती सरकार में दूर–दूर तक विकास के कार्य देखने को नहीं मिलते थे, लेकिन देश को जब से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिले है और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने हैं तभी से ष्सबका साथ सबका विकासष्और सबका विश्वास के साथ देश और प्रदेश के कोने कोने में विकास कार्य की गंगा बह रही है।कार्यक्रम में उपस्थित मण्डल प्रभारी राजू शाही, मण्डल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री बिंदुमती मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामसुरेश चौहान, मंडल मंत्री रामदरश त्रिपाठी, सच्चिदानंद चौबे, शिवशरण चौरसिया, सोमनाथ मिश्र, सुनील जायसवाल, अंगद सहानी, विनोद वर्मा ,ओमकार पांडेय आदि भाजपा के कार्यकर्ता रहें।

सड़क निर्माण में मस्जिद ढही, जल्द होगा नई मस्जिद का निर्माण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार,सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड उसका क्षेत्र के सोहास बाजार में मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत सोहास नौगढ़ मार्ग का इन दिनों निर्माण कार्य चल रहा है।सड़क निर्माण कार्य सोहास खास में पहुंचा तो पुरानी सड़क के दोनो ओर अतिक्रमण किया गया था।मंगल वार को सड़क निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा था इसी बीच अतिक्रमण की जद में आए मस्जिद को हटा दिया गया। मालूम हो कि सड़क का निर्माण कार्य इस समय तेजी से चल रहा है। प्रशासन द्वारा पूर्व में ही सड़क के किनारे बनाए गए भवनों पर क्रॉस लगा कर चिन्हित किया गया था और लोगो से स्वयं हटाने को कहा गया था परंतु समय सीमा बीतने के बाद भी कई लोगो ने अतिक्रमण नहीं हटाया था। जिसे प्रशासन ने सड़क के किनारे बने मस्जिद सहित सभी अतिक्रमण की जद में रहे भवनों को हटाया। कौन समास ग्राम प्रधान सोहास श्रीष प्रताप यादव सोनू के अनुसार नई मस्जिद निर्माण के लिए अजीज, समद, अब्दुल हक आदि ने पांच मंडी जमीन नई मस्जिद निर्माण के लिए दी है। और इस भूमि पर मस्जिद निर्माण किया जाएगा।

बीबीडी यूनिवर्सिटी में खेलो इंडिया गेम्स का उद्घाटन आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। खेलो इंडिया से जुड़ी बड़ी खबर बीबीडी यूनिवर्सिटी मैं खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का उद्घाटन आज होने जा रहा है। तृतीय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 25 मई से 3 जून तक उत्तर प्रदेश के 4 शहरों लखनऊ, गौतम बुद्ध नगर, वाराणसी और गोरखपुर में होंगे इन खेलों में देश भर की यूनिवर्सिटीज 4000 से अधिक एथलीट हिस्सा लेने को तैयार हैं, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 का उद्घाटन आज लखनऊ के बीबीडी यूनिवर्सिटी में किया जाएगा खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर यह प्रदेश का सबसे बड़ा आयोजन साबित होने वाला है खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग ले रहे खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए यह आयोजन किया जा रहा है।

सुबह टहले निकले 60 वर्षीय ब्यक्ति को अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोल,गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के गोला बड़हलगंज सड़क मार्ग पर बुधवार की सुबह लगभग पांच बजे भर्रोह चौराहे के पूरब सड़क पर मार्निंग वाक पर निकले ग्राम सभा सुरदापार राजा निवासी 60 बर्षीय सुदामा प्रजापति पुत्र अवधू पुत्र अवधू प्रजापति को गोला की तरफ आ रही तीब्र गति की कार ॅठ 12 ब् 8555 ने अनियंत्रित होकर जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे सुदामा प्रजापति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी।और अनियंत्रित कार सड़क के किनारे पेड़ से टकराते हुए सड़क दरेसी को पार कर कुछ दूर जाकर खड़ी हो गयी। घटना देख अगल–बगल के लोग दौड़ पड़े घटना की सूचना गोला पुलिस को मिली सूचना पाकर गोला पुलिस घटना स्थल पर पहुच कर शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया और कार को अपने कब्जे में लेकर बिधिक कार्यवाहो शुरू कर दिया है।

पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली पर कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश

उन्नाव। मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली पर कार्यक्रम–वन विभाग उन्नाव अंतर्गत बांगरमऊ रेंज द्वारा दिनांक 24 .5.

2023 को भारत सरकार की योजना मिशन लाइव के अंतर्गत ग्राम पट्टी उस्मानपुर मजरा जुल्फिकारपुर स्थित गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियारजी द्वारा एक पीपल का वृक्ष रोपित कर शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रांगण में स्थित तालाब की सफाई क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं वन कर्मियों द्वारा किया गया।क्षेत्रीय वन अधिकारी बांगरमऊ श्री प्रदीप कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों को लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई ,क्षेत्रीय विधायक द्वारा उपस्थित लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव व पर्यावरण के अनुकूल आदतों एवं व्यवहारों के महत्व के विषय में शपथ दिलाई।कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्राम प्रधान सोनू शुक्ला व मंदिर संरक्षक हरिशंकर द्विवेदी पूर्व ग्राम प्रधान भगवान शंकर द्विवेदी एवं वन दरोगा अवधेश अवस्थी, पप्पू सिंह यादव, लोरिक यादव, समसुद्दीन मंसूरी व उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव कुमार आदि वन कर्मी उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा गंभीर डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यक्रमों से जुड़े 37 विभागों की प्रगति रिपोर्ट की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई संपन्न डीएम ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य योजना तैयार करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए आवश्यक दिशा निर्देश शासन के विकास कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की कार्रवाई करें अधिकारीगण आइजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें सुनिश्चित उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यक्रमों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाने के उद्देश्य आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता प्राप्त विकास कार्यक्रमों के 37 विभागों की प्रगति रिपोर्ट की मैराथन समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित विभागीय अधिकारियों के द्वारा जिलाधिकारी को अपनी–अपनी प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया। डीएम ने वित्त, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल, राजस्व, भूतत्व एवं खनिकर्म, सिंचाई एवं जल संसाधन, ऊर्जा, लोक निर्माण, कृषि, पशुधन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायती राज, नगर विकास, ग्राम्य विकास, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति, खाद्य एवं रसद, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, समाज कल्याण, दिव्यांगजन, महिला कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, वन, दुग्ध विकास, बेसिक शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, श्रम, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, खादी एवं ग्रामोद्योग, सहकारिता, लोक शिकायत तथा नियोजन विभाग की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त विभाग के अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप अपने कार्य योजना तैयार करते हुए प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी–अपनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जन सामान्य के लिए जो विकास कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका सत प्रतिशत लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में शासन के द्वारा आपके विभागों के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, उसके अनुरूप अपनी कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समय–समय पर कराए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग निरंतर स्तर पर करते रहें ताकि कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न कराया जा सके एवं शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। डीएम ने बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा अपने–अपने विभागों में संचालित योजनाओं का अभियान चलाकर व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाए और ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, डिप्टी कलेक्टर उमेश चंद निगम, परियोजना निदेशक गरिमा खरे, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी हेमंत कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

ढरौरा जल प्रपात पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल,सोनभद्र। पर्यावरण जागरूकता अभियान के क्रम में

बुधवार को स्थानीय वन क्षेत्र के प्रसिद्ध ढरौरा जलप्रपात पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वन क्षेत्राधिकारी सुरजू प्रसाद के नेतृत्व में साफ सफाई का अभियान भी ढरौरा जल प्रपात पर चलाया गया।इस अभियान में वन विभाग के अलावा स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया।पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान विभिन्न स्थलों पर चलाया जा रहा है। ढरौरा जल प्रपात पर आयोजित कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी सुरजू प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर वनों और साफ सफाई का महत्व बताया।पृथ्वी पर वन अनमोल धरोहर है। समय की मांग है कि इसका संरक्षण हर हाल में किया जाय। इसके अलावा अधिक से अधिक पौधों को लगाकर पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है। आज पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वर्षा में कमी वर्ष दर वर्ष हो रही है। जल श्रोत हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। पर्यावरण प्रदूषण से पृथ्वी को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। स्वस्थ पर्यावरण के लिए प्रदूषण को दूर करना होगा।मौके से मौजूद विभिन्न वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार रखे। पर्यावरण संरक्षण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो आगामी 5 जून तक चलता रहेगा।इसका आयोजन विभिन्न स्थानों पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर वन दरोगा अमलेश यादव, अंजनी मिश्रा, संतोष सिंह, राजन मिश्रा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सौपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सोनभद्र के

जिलाध्यक्ष रतनलाल गर्ग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ज्वाइंट कमिश्नर वाणिज्य कर के के वर्मा से मिला,एक मांगपत्र जिसमें 4 सूत्री मांगे उन्हें सौंपी गई। प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री विमल अग्रवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मिठाई लाल सोनी,उपाध्यक्ष रामेश्वर दास जैन,मीडिया प्रभारी विमल जालान, राइस मिलर राजकुमार जायसवाल उपस्थित रहे। एक शिष्टाचार भेंट में ज्ञापन सौंपा,वाणिज्य कर विभाग आज 50–60 वर्षों से किराए के मकान में चल रहा है जबकि शासन द्वारा भूमि आवंटित कर दिया गया है, भूमि पूजन भी हो गया है, और धनराशि भी आवंटित हो गया है, आखिरकार इसमें विलंब क्यों हो रहा है, दूसरी मांग जीएसटी विभाग द्वारा सर्वे का प्रचार हो रहा है,जबकि हमारे प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल लखनऊ में ज्वाइंट कमिश्नर से मुलाकात कर अपनी शिकायत की, तो बताया गया कि सर्वे फर्जी रजिस्ट्रेशन जिनके हुए हैं उनके यहां जांच की जाएगी। के के वर्मा ने बताया कि अपने जनपद में ऐसे व्यापारी बहुत कम है,तीसरी मांग में वाणिज्य कर विभाग में व्यापारियों के लिए कोई भी रूम आवंटित नहीं है, जबकि शासन के द्वारा व्यापारियों के लिए वाणिज्य कर विभाग को एक कमरे में बैठने की व्यवस्था पानी आदि की व्यवस्था करनी है। जिसके लिए केके वर्मा ने बताया कि शासन से धनराशि की मांग की गई है, आने से अपने भवन में ही सारी सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती हैं। चौथी मांग में यह है कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा व्यापार बन्धु की बैठक कई माह से नहीं हो रही हैं, जिसे कराना सुनिश्चित करें। मांगों को लेकर व्यापार मंडल प्रतिनिधि मंडल ने अपनी शिकायत एक ज्ञापन के माध्यम से सौंपी।

दहेज हत्या में दोषी सास– ससुर को उम्रकैद

- 26- 26 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- साढ़े 10 वर्ष पूर्व दहेज में 10 हजार रुपये नकद व सोने की सिकड़ी नहीं मिलने पर जलाकर सुनीता की हुई हत्या का मामला

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। साढ़े 10 वर्ष पूर्व दहेज में 10 हजार रूपये नकद व सोने की सिकड़ी नहीं मिलने पर सुनीता को जलाकर हत्या करने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी सास–ससुर को उम्रकैद व 26–26 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6–6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के नरैना गांव निवासी रामविलास पुत्र रामधनी ने पन्नूगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसने अपनी बेटी सुनीता की शादी संजय पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम किचार, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र के साथ 5 जून 2012 को किया था। शादी में अपनी सामर्थ्य अनुसार खर्च किया था। बेटी विदा होकर अपनी ससुराल चली गई। करीब दो माह बाद दामाद संजय कमाने के लिए बांबे चले गए। उसकी बेटी सुनीता अपनी ससुराल में ही रही। दहेज में 10 हजार रूपये नकद व सोने की सिकड़ी की मांग को लेकर ससुर शिवकुमार, सास फूलमती उर्फ सुकुवरिया समेत 5 लोगोंद्वारा बेटी सुनीता को प्रताड़ित किया जाने लगा। यहां तक धमकी दी जा रही थी कि अगर दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो सुनीता को मारकर रास्ते से हटा दिया जाएगा और संजय की दूसरी शादी कर दी जाएगी। जब बेटी से मिलने उसकी ससुराल गया था तो दहेज की मांग और प्रताड़ना की बात बताई थी तो उसके सास व ससुर से प्रताड़ित न करने की विनती करके बेटी सुनीता को ढाढस बंधाया और अपने घर आ गया। 5 दिसंबर 2012 को दोपहर 3 बजे बेटी सुनीता को मारपीट कर आग लगा कर जला दिया। शोरगुल सुनकर काफी लोग जुट गए। तब बेटी को राबर्ट्सगंज अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन उसे एक प्राइवेट अस्पताल में राबर्ट्सगंज ही भर्ती करा दिया। उधर दूसरे दिन दामाद ने फोन से बेटी के जलने की सूचना दी। जब बेटी से मिलने गया तो वह दर्द से कराह रही थी और सारी वाकए की जानकारी दी। हालत गंभीर होने पर बेटी को वाराणसी बीएचयू में ले जाकर जबरी भर्ती कराया। जब घर पैसा लेने आया तो पता चला कि 9 दिसंबर 2012 को बेटी सुनीता की मौत हो गई। इस तहरीर पर सास, ससुर समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की गई। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में सिर्फ ससुर शिवकुमार व सास फूलमती उर्फ सुकुवरिया के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी ससुर शिवकुमार व सास फूलमती उर्फ सुकुवरिया को उम्रकैद व 26–26 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6–6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

एसपी ने विशेष अभियान में प्रभावी कार्यावाही के दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून–व्यवस्थाअपराध

I के माध्यम से जनपद में विगत 10 वर्षों में डकैती, लूट, नकबजनी, पेशेवर हत्यारे, व फिरौती हेतु अपहरण में व न्यायालय में विचाराधीन अभियोगों में शीध्र पैरवी की कार्यावाही कर अपराधियों को अधिकाधिक सजा दिलाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में–24.05.2023 को पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह की अध्यक्षता मे रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क सभागार कक्ष में गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में 03 बिन्दुओं पर गहनता से चर्चा की गयी जैसे विगत 10 वर्षों में घटित मुख्य अपराध डकैती, लूट नकबजनी, पेशेवर हत्यारे व फिरौती हेतु अपहरण व वर्तमान में सक्रिय अपराधियों की संलिप्त पाये गये अपराधियों की थानावार सूची तैयार कराकर राजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुकुल निरोधात्मक कार्यावाही कराने 2. जो अभियोग लम्बित हो उन अभियोगों का प्राथमिकता के आधार पर अभियान के दौरान गुणवत्तपरक निस्तारण कराया जाये 3. न्यायालय में विचाराधीन अभियोगों की थानावार सूची तैयार कराते हुए उन अभियोगों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें ताकि अपराधियों को अधिकाधिक सजा दिलायी जा सके। 'इस गोष्ठी में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, ए0पी0ओ0, डी0जी0सी0 क्रिमिनल, ए0डी0जी0सी0 क्रिमिनल, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं प्रभारी मानीटरिंग सेल सहित अन्य अधिकारीध कर्मचारीगण मौजूद रहे।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

हर गांव में टीम बनाकर सरकारी योजनाओं का होगा प्रचार–प्रसार–अनुज त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। करमा ब्लॉक के पगिया ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय

युवा कल्याण अधिकारी अनुज त्रिपाठी के मौजूदगी में उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित संगठन युवक मंगल दल के पदाधिकारियों एंव सदस्यों का गठन किया गया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि हमारे मुख्यमंत्री का युवकध महिला मंगल दल के ऊपर बहुत भरोसा है इसलिए वो संगठन को और भी मजबूत और सशक्त बनना चाहते है।जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों के युवकध्महिला मंगल टीम में सक्रिय युवाओं को जोड़कर ऑनलाइन फीडिंग भी कराई जा रही है साथ ही जो लोग बहुत पहले से कार्य कर रहे है और उनकी उम्र पंद्रह वर्ष से ऊपर और पैतीस वर्ष से कम है उन्हें भी ऑनलाइन कर पंजीकृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि हम युवाओं के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण कारीयोजनाओं का प्रचार–प्रसार कर जन जन को लाभान्वित करें। वहीं युवक मंगल दल के जिला मंत्री साहिद खान ने बताया कि जनपद में युवाओं को विशेष अवसर देने के साथ–साथ उन्हें जागरूक करने हेतु जल्द ही जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में गठन की प्रक्रिया को पूर्ण कर शासन को भेज दिया जायेगा। पगिया ग्राम पंचायत के गठन में मो0 हुसैन को अध्यक्ष, अरविन्द कुमार को उपाध्यक्ष, रौनक अहमद को मंत्री, खालिद खान को संयुक्त मंत्री, अशफाक शाह को कोषाध्यक्ष, रवि कुमार, आबिद खान, सादिक खान, अनस अहमद, ओम प्रकाश, अभिषेक, मो0 साबिर और चाँद बाबू को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सरताज अहमद, अजहरुद्दीन, डॉ0 आशीष पॉल, शेर मोहम्मद, असन अहमद, अजमेर अली आदि लोग उपस्थित रहे।

आईना द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। बड़े मंगल के शुभ अवसर पर ऑल इंडिया न्यूज पेपर एसोसिएशन द्वारा विकास दीप कांपलेक्स स्टेशन रोड पर आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं भंडारे में गणमान्य राजनीतिज्ञ पार्षद नेता एमएलसी एवं वरिष्ठ पत्रकार सहित अति विशिष्ट व्यक्तियों ने सहभागिता की इसके साथ ही आईना की ओर से लगाए गए हनीमैन चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर में होम्योपैथिक डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी की टीम ने भारी संख्या में लोगों की आंख दांत ब्लड आईटी पीसीआर एवं शरीर की जांचें की जिसमें तमाम मरीजों और पत्रकारों ने अपनी अपनी जांच कराई। भंडारे में आने वाले विशिष्ट अतिथियों एवं वरिष्ठ पत्रकारों का आईना परिवार की ओर से भगवा गमछे से स्वागत सम्मान किया गया। भंडारे में भारी संख्या में पत्रकार साथियों ने अपना योगदान देकर सफल बनाया। भंडारे में शामिल होने वाले प्रमुख रूप से हनुमानगढ़ी अयोध्या से विशेष रुप से आमंत्रित श्री प्रेम मूर्ति कृष्ण दास जी महामंडलेश्वर अविनाश जी एवं उनके सहयोगी, लखनऊ की प्रथम नागरिक सुषमा खर्कवाल, सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, लेबर कोर्ट लखनऊ के पीठासीन अधिकारी बीके राय, जिला सूचना अधिकारी श्रीमती मधु तांबे,रॉयल कैफे के समाजसेवी मुरलीधर आहूजा, अवध हॉस्पिटल के सत्येंद्र भवनानी, समाजसेविका शिखा सिंह, समाज सेविका.एवं भाजपा नेत्री ममता सिंह (गौरी) ,बृजेश पाठक के प्रतिनिधि अमित गोयल, के साथ–साथ काफी लोग उपस्थित हुए।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

शरीर के लिए फायदेमंद होता है कम कपड़ों या बिना कपड़ों के सोना

थके हुए दिन के बाद रात को व्यक्ति चौन की नींद सोना चाहता है। आराम की नींद लेने के लिए व्यक्ति हल्के कपड़े पहनता है। आजकल नाइट सूट और गाउन का फैशन है जिसे पहनने के बाद चौन की नींद आती है। हालांकि फिर भी कई लोग होते हैं जो सुबह उठते ही कहते हैं कि रात को सही तरीके से नींद नहीं आई। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो बेहद कम कपड़ों या बिना कपड़ों के सोना पसन्द करते हैं। बेशक पढने या सुनने में आपको यह अजीब लगे लेकिन सच में न्यूड सोना यानी कि बिना कोई वस्त्र पहने सोना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। बड़े–बड़े वैज्ञानिक चिकित्सकों ने यह दावा किया है कि वस्त्र पहनकर सोने की तुलना में बिना कोई कपड़ा पहने सोने से अधिक लाभ होता है। आइए डालते हैं एक नजर बिना कपड़ों के सोने से होने वाले फायदों परकृ

त्वचा को मिलती है सांस

रात को कम कपड़ों या बिना कपड़ों के सोने से आपकी त्वचा को खुलकर सांस मिलती है। इससे त्वचा सुन्दर हो जाती है। इस तरह सोने से शरीर में हार्मोन्स का विकास होता है, जिससे त्वचा मुलायम हो जाती है।

तनाव और थकान होती है दूर

यदि पति–पत्नी दोनों ही बिना वस्त्र पहने सोते हैं तो रातभर बिस्तर पर सोते समय उन दोनों के शरीर एक–दूसरे के सम्पर्क में आते हैं। इससे दोनों की त्वचा को एक–दूसरे का स्पर्श मिलता है। चिकित्सिकों के अनुसार ऐसा होने से शरीर से ऑक्सीटॉसिन नामक हार्मोन निकलता है। इस हार्मोन के निकलने से तनाव और थकान दोनों दूर हो जाते हैं और ब्लड प्रेशर भी नियंत्रण में रहता है। तनाव की वजह से आदमी का मन ज्यादा फास्टफूड खाने को करता है लेकिन जब आप अच्छी नींद लेते हैं तो आपका तनाव बढ़ाने वाला केमिकल कोलेस्ट्राल घट जाता है। इसलिए कपड़े उतारकर अच्छी नींद ले।

गुप्तांगों में पैदा नहीं होते बैक्टीरिया

पुरूषों के लिए, ठंडे स्थान पर सोना हमारे अंडकोषों को ठंडा रखने में मदद करता है। जिससे हमारे शुक्राणु बढ़ते हैं। महिलाओं के लिए, गर्मी या पसीने में बैक्टीरिया ज्यादा पनपते है। बिना कपड़ों के सोने से हमारी त्वचा सांस लेती रहती है जिससे महिलाओं की योनि में बैक्टीरिया पैदा नहीं होते।

कम होता है वजन

सोते समय कपड़े न पहनने से शरीर का मेटाबोलिज्म तेज होता है और इससे गर्दन में ब्राउन फैट बढ़ता है। इस तरह के फैट से शरीर की कैलोरी बर्न होती है और आपका वजन कम होता है।

देर से आता है बुढ़ापाः नंगे सोने वाले आदमी जल्दी से बूढ़े नही होते, बजाय उनके जो कपड़े पहनकर सोते है।

बदलता है शरीर का तापमानः रात को टाइट कपड़े या ज्यादा कपड़े पहन कर सोने से आपके शरीर का तापमान बदल जाता है। इससे आपको बेचौनी होने के कारण नींद नही आती। इसकी बजाए बिना कपड़ो के सोने से आपके शरीर को आराम मिलता है और नींद में अच्छी आती है।

नुसरत भरूचा को पति के तौर पर लड़के में चाहिए ये क्वालिटीज

एक्ट्रेस नुसरत भरुचा एक आदर्श पति में कुछ क्वालिटीज चाहती हैं। नुसरत फिल्म छत्रपति का प्रमोशन करने द कपिल

शर्मा शो में बेलमकोंडा साई श्रीनिवास, भाग्यश्री, करण सिंह छाबड़ा, पलक मुच्छल, निर्देशक वीवी विनायक और निमार्ता जयंतीलाल गडा के साथ नजर आएंगी। एपिसोड में, होस्ट कपिल के हस्बैंड क्वालिटीज से जुड़ा सवाल का जवाब देते हुए नुसरत ने कहा, मुझे पति के रूप में ऐसा लड़का चाहिए, जो खूब हंसा सकता हो, उसका सेंस ऑफ ह्यूमर अच्छा होना चाहिए, वह सिंगल हो और उसमें हीरो के गुण भी होने चाहिए। इसके अलावा, कपिल ने मजाक में कहा कि उन्होंने अंधेरी वेस्ट में शादी की है और फिल्म सिटी में अकेला है, जिसका मतलब है कि उनमें यह सब क्वालिटीज है और वह उनके लिए पूरी तरह परफेक्ट है। द कपिल शर्मा शो एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।



जॉन अब्राहम ने रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव में किया वॉयसओवर

एक्शन स्टार जॉन अब्राहम रवि तेजा की अपकमिंग फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के लिए वॉयसओवर आर्टिस्ट के तौर पर काम कर रहे हैं। डबिंग सेंशन की एक झलक साझा करते हुए, जॉन अब्राहम ने अपने ट्विटर प्रोफाइल पर एक वीडियो पोस्ट की और कैप्शन में लिखारू इस अद्भुत प्रोजेक्ट का एक छोटा सा हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। टाइगर नागेश्वर राव वीडियो का पहला लुक शानदार है! आशा है आप सभी इसे पसंद करेंगे।

टीजर 24 मई को एक इवेंट में लॉन्च किया जाएगा। वामसी द्वारा अभिनीत फिल्म को द कश्मीर फाइल्स के निर्माता अभिषेक अग्रवाल द्वारा बैंकरोल किया गया है।

टाइगर नागेश्वर राव फिल्म में नूपुर सनन, गायत्री भारद्वाज, अनुपम खेर, रेणु देसाई और जिशु सेनगुप्ता महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पठान के हिट होने के बाद जॉन अब्राहम तेहरान की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अरुण गोपालन ने किया है। इसे रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा ने लिखा है और दिनेश विजान, शोभना यादव और संदीप लेजेल द्वारा निर्मित है।

बिग बी की नातिन नव्या ने गुजरात के गांव में चलाया ट्रैक्टर

मेगास्टार अमिताभ बच्चन की पोती नव्या नवेली नंदा का गुजरात के एक गांव में ट्रैक्टर चलाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है।

नव्या, आरा हेल्थ की को–फाउंडर हैं, जो कि वुमन सेंट्रिक हेल्थ कंपनी है, ने गुजरात के एक गांव की अपनी हालिया यात्रा की एक झलक साझा की, जहां वह स्थानीय महिलाओं से मिलीं और ट्रैक्टर चलाया।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी टीम के साथ एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने गुजरात के गणेशपुरा का दौरा किया। नव्या ने आरा हेल्थ द्वारा आयोजित मीटिंग में महिलाओं से मुलाकात की। उसने इसे कैप्शन दियारू गणेशपुरा, गुजरात। नव्या बिग बी की बेटी श्वेता बच्चन और उनके पति निखिल नंदा की बेटी हैं, जो एक्टर करीना कपूर और रणबीर कपूर के चचेरे भाई हैं। उनका अगस्त्य नाम का एक भाई भी है, जो जोया अख्तर के द आर्चीज के रूपांतरण में एक्टिंग की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

युद्धभूमि में एनटीआर जूनियर का इंतजार कर रहे ऋतिक रोशन

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन ने शनिवार को एनटीआर जूनियर को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि वह युद्धभूमि में उनका इंतजार कर रहे हैं, जिससे वॉर 2 को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। उन्होंने एनटीआर जूनियर को किए अपने ट्वीट में वॉर 2 का जिक्र नहीं किया, लेकिन ऋतिक ने इस बारे में कई संकेत दिए।

ऋतिक ने लिखारू हैप्पी बर्थडे एनटीआर जूनियर, तुम्हारा दिन खुशहाल हो और आने वाला साल एक्शन से भरा हो। मैं युद्धभूमि पर तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं। जब तक हम मिलते नहीं तब तक तुम्हारे दिन शांति और खुशियों से भरे हों। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स भारतीय सिनेमा के इतिहास के सबसे बड़े सुपरस्टार्स की सुपर–स्पाई के रूप में उपस्थिति का दावा करता है। इसमें पठान के रूप में शाहरुख खान, टाइगर के रूप में सलमान खान, कबीर के रूप में ऋतिक रोशन, रुबाई के रूप में दीपिका पादुकोण, जोया के रूप में कैटरीना कैफ और जिम के रूप में जॉन अब्राहम हैं।